* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 22 सितंबर, 2025, सोमवार, वर्ष 10, अंक 332, आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00












# नवरात्र के सूर्योदय के साथ स्वदेशी क्रांति का बिगुल फूंका पीएम मोदी ने

## नागरिक देवो भवः के मंत्र से आत्मनिर्भर बनेगा भारत, ब्रांड बनेगा मेड इन इंडिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जायेगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पायेंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। प्रधानमंत्री ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ निर्माण को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनायें। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा।

**अब गरीबों की भी बारी है:** मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आये ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा।



### वन नेशन वन टैक्स पर जनता ने पीएम बनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया, तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन वन टैक्स का सपना साकार हुआ।

### भारत को आत्मनिर्भर बनान होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व एमएसएमइ पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है, जो देश में बना सकते हैं वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रिया आसान बनने से जीएसटी को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। उनको भी डबल फायदा होगा। एसएसएमइ से मुझे बहुत अपेक्षाएं हैं, जब भारत तरक्की के शिखर पर था उसका आधार टरटए ही थे। भारत में बने सामानों की क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। हमारे यहां बना सामान दुनिया में बेस्ट हो।

### पनीर, घी, साबुन शैंपू के साथ कार एसी की कीमतें घटीं

नयी दिल्ली। जरूरत के सामानों पर आज से अब केवल दो स्लैब 5% या 18% में जीएसटी लगेगा। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। वहीं, तंबाकू, पान मसाला, कार्बोनेटेड ड्रिंक और लग्जरी सामान जैसे बड़ी कारें, याट और पर्सनल इस्तेमाल के लिए विमान पर 40% का स्पेशल टैक्स लगेगा। कुछ सामान जैसे छेना, पनीर, रोटी, चपाती, पराठा पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा।

### हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है

रोजमर्रा की चीजें विदेशी हैं, हमें इनसे मुक्ति पानी है। हम मेड इन इंडिया सामान खरीदें। हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है। गर्व से कहो ये स्वदेशी है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिये।

## शारदीय नवरात्र आज से शुरू, कलश स्थापना के साथ होगी पहली पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्रि 2025 का शुभारंभ सोमवार से हो रहा है। यह पर्व देवी दुर्गा की पूजा और आराधना का महत्वपूर्ण समय है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। शारदीय नवरात्र की शुरुआत कलश स्थापना से होगी। पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है।




# रांची और दुमका में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आगाज

## दुमका में बाबूलाल और रांची में संजय सेठ- रघुवर दास ने की शिरकत



### रांची के मोरहाबादी में साइक्लोथॉन में जुटे युवा

रांची के मोरहाबादी मैदान से रविवार सुबह सांसद खेल महोत्सव 2025 का रंगारंग आगाज हुआ। हजारों युवाओं और खेल प्रेमियों की भागीदारी के बीच आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत साइक्लोथॉन से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि खेल न केवल शरीर को तंदरुस्त रखते हैं बल्कि समाज को अनुशासन और ऊर्जा से भी भरते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि देश को विकसित भारत बनाना है, तो पहले फिटनेस और हेल्थ पर जोर देना होगा। रघुवर दास ने इस मौके पर कहा कि साइक्लोथॉन जैसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा पैदा करने का माध्यम हैं।



### साइक्लोथन में बड़ी संख्या में युवा हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/दुमका।** रांची और दुमका ने रविवार को युवा शक्ति और खेल भावना का शानदार नजारा पेश किया। यहां सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ धूमधाम के साथ हुआ। दुमका में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हरी झंडी दिखाकर नमो साइक्लोथन में शामिल प्रतिभागियों को रवाना किया। साइक्लोथन में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों और महिलाओं ने हिस्सा लिया और शहर की सड़कों पर ऊर्जा और जोश का माहौल देखने को मिला। खेल महोत्सव के तहत आने वाले दिनों में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### मोदी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का प्रयास : बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, परिश्रम और स्वस्थ जीवन की सीख देता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य भी यही है कि गांव-गांव, जिले-जिले से निकलने वाली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिले। बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि इस पर्व और त्योहार में जो भी समान खरीदा जायें, वह स्वदेशी होना चाहिए। इससे राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा। कार्यक्रम में दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# आजादी के 78 साल बाद भी दिलबोध और मुडल टोला के साथ बाइपास को जोड़नेवाली सड़क निर्माण की बाट जोह रही है

## ■ सरकारी कर्मियों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को थोड़ी सी बारिश में भी पैदल चलना होता मुश्किल

## ■ क्षेत्र के विकास की पोल खोल रही है मेराल बीडीओ के आवास से गुजरने वाली कच्ची सड़क

बलराम शर्मा

**मेराल/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** हम भले ही आजादी की 79वीं वर्षगांठ मना चुके हैं, लेकिन आज भी मेराल बीडीओ के आवास से होकर गुजरने वाली कच्ची सड़क किसी रहनुमा की बाट जोह रही है। नेशनल हाइवे सड़क से दिलबोध और मुडल टोला एवं मेराल के बाइपास सड़क को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण कच्ची सड़क पर थोड़ी सी बरसात में पैदल चलना दूभर हो जाता है। बता दें कि लगभग 50 वर्ष पूर्व प्रखंड कार्यालय के साथ ही इसी मार्ग पर प्रखंड कर्मियों के लिए सरकारी आवास बना था, तब सीमित संसाधन की वजह से शायद यहां पक्की सड़क नहीं पाया। समय गुजारते गया और



सरकारी आवास खंडहर में तब्दील होने के बाद यहां पुनः 2024 में सरकारी कर्मियों के लिए नयी बिल्डिंग बनायी गयी, परंतु सामने की सड़क कच्ची ही रह गयी। कच्ची सड़क की वजह से सरकारी आवास में रहने वाले बड़े साहब को छोड़ अन्य कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को थोड़ी सी बरसात में भी पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। प्रखंड मुख्यालय का यह सड़क नहीं बन पाना यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों और जनता के रहनुमा कहलाने वाले विधायक, सांसद की कार्यशैली को उजागर कर रही है। इस महत्वपूर्ण सड़क पर प्रतिदिन प्रखंड के जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोगों के साथ-साथ दिलबोध टोला और मुडल टोला के हजारों लोगों के साथ-साथ अन्य पंचायत और प्रखंडों के लोगों का आवागमन रहता है। बरसात के मौसम में सड़क पानी और कीचड़ होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। खराब सड़क के कारण प्रखंड मुख्यालय को सीधा जोड़ने वाला इस मुख्य सड़क को छोड़ कर लोग नेनुआ मोड और लखेया मोड होते बस स्टैंड और प्रखंड कार्यालय जाने पर मजबूर रहते हैं।

### इस कच्ची सड़क को ग्रेड वन बनाया जायेगा : मुखिया



मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व प्रखंड मुख्यालय से मुडल टोला तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से होना था। सड़क का निर्माण कार्य मुडल टोला से प्रारंभ हुआ, जो दिलबोध टोला तक 3 किलोमीटर पूरा होने की वजह से इधर का सड़क नहीं बन पायी। दुर्गा पूजा के बाद मनरेगा से इस कच्ची सड़क को ग्रेड वन बनाया जायेगा।

### सड़क की मरम्मती एक-दो दिन में कराऊंगा : बीडीओ



प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक ने कहा कि दुर्गा पूजा और अन्य पर्व त्योहार को देखते हुए मैं अपने स्तर से इस कच्ची सड़क की मरम्मती एक-दो दिन के अंदर ही कराऊंगा। उन्होंने सड़क की पक्कीकरण के लिए जिला के अधिकारियों से बात कर प्रस्ताव भेजने की बात कही।

### सड़क को बहुत जल्द पीसीसी बनवायी जायेगी : प्रखंड प्रमुख



प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि प्रमुख बनने के बाद प्रखंड के सभी क्षेत्रों का हाल जानने का अवसर मिला है। मैं अपने स्तर से प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत रहती हूं। प्रखंड मुख्यालय की इस कच्ची सड़क को बहुत जल्द पीसीसी बनवायी जायेगी।

---

## भाजपा का राज्य सरकार पर बड़ा हमला

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में हो रहा है टेंडर घोटाला : अजय साह

**11 टेंडर समुदाय विशेष के एक परिवार को**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने प्रेस वार्ता में ठोस तथ्यों और दस्तावेजों के साथ दावा किया कि मंत्री के संरक्षण में न केवल टेंडर घोटाला हुआ है, बल्कि टेंडर वितरण में धर्म के नाम पर खुलेआम पक्षपात भी किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग घोटालों में भी तुष्टीकरण कर रहा है।

अजय साह ने बताया कि रांची, दुमका, जामताड़ा, सरायकेला,



बोकारो और देवघर जैसे जिलों में स्वास्थ्य विभाग के पिछले एक साल में जारी 11 में से सभी टेंडर रांची के एक ही मुस्लिम परिवार की कंपनियों को दिये गये। उन्होंने खुलासा किया कि इस परिवार ने तीन अलग-अलग कंपनियां हिंद इंफ्राटेक, भारत सप्लायर्स और ग्लोबल सप्लायर्स एक ही पते पर रजिस्टर्ड कीं और सभी टेंडर इन्हीं के नाम कर दिये गये। चौंकाने वाली बात यह है कि इन तीन में से दो कंपनियों में एक ही व्यक्ति डायरेक्टर के रूप में दर्ज है।

अजय ने कहा कि जेम पोर्टल के क्लॉज 29 के तहत यदि कोई व्यक्ति अलग-अलग कंपनियां बनाकर टेंडर भरता है, तो उसकी सभी कंपनियां तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दी जानी चाहिए और उनकी बिड रद्द हो जानी चाहिए। लेकिन यहां उल्टा हुआ– इन कंपनियों को न सिर्फ योग्य घोषित किया गया, बल्कि वर्क ऑर्डर देकर भुगतान तक कर दिया गया। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित लूट है।

अजय के कहा कि पूरे राज्य में इतना बड़ा घोटाला बिना स्वास्थ्य मंत्री के सरंक्षण में संभव ही नहीं है। इस पूरे घोटाले से साफ झलकता है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में विभाग लूट खसोट का अड्डा बन गया है। भाजपा ने सरकार से मांग की कि उजागर किये गये सभी टेंडरों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाये और मामले की उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच करायी जाये। यह भी जांच हो कि क्यों और कैसे एक ही परिवार की कंपनियों को 11 जिलों के 11 टेंडर दिये गये। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ वित्तीय भ्रष्टाचार का नहीं बल्कि धार्मिक पक्षपात का भी है, जहां इरफान अंसारी द्वारा केवल अपनी जाति, समुदाय के वेंडर्स को तरजीह दी जा रही है।

## कांग्रेस का भाजपा पर पलटवार

# जिस पार्टी का अध्यक्ष रक्षा सौदे में दोषी हो उसके प्रवक्ता लगा रहे आरोप: राकेश सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जिस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत माता के रक्षा सौदे में दलाली करने का दोषी और सजायाफ़्ता हो, उस पार्टी के प्रवक्ता द्वारा भ्रष्टाचार पर सवाल उठाना सबसे बड़ा मजाक है। भाजपा के पास मुद्दों का दिवालियापन साफ नजर आ रहा है, इसलिए वे अब आधी-अधूरी और झूठी कहानियों के सहारे जनता को गुमराह कर रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि स्वास्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अल्पसंख्यक समाज से आते हैं, इसलिए भाजपा उन्हें जानबूझ कर टारगेट कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि



मंत्रीजी ने स्वयं शिकायत प्राप्त होते ही विभागीय जांच शुरू करवाई और साफ कर दिया कि दोषी पाये जाने वालों पर सख़्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा के आरोप हास्यास्पद और तथ्यहीन है। आधी-अधूरी जानकारी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करना भाजपा की पुरानी आदत है। शिकायत सबसे पहले मंत्री को प्राप्त हुई थी और उसी आधार पर विभागीय जांच चल रही है। दोषी पाये जाने पर नियमसंगत कार्रवाई निश्चित की जायेगी। जिस संवेदक का नाम भाजपा ले रही है, वह पिछले कई वर्षों से विभाग में कार्यरत है। यह मामला भी जांच के अधीन है। मंत्री पद संभालने के बाद इरफान अंसारी ने किसी भी संवेदक को अतिरिक्त लाभ या काम नहीं दिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष है। अधिकारियों को नियमों और शर्तों का गहन अध्ययन करने का निर्देश दिया गया है। यदि जरूरी हुआ तो नीट में संशोधन भी समीक्षा के बाद किया जायेगा। एल-1 ठेकेदार का चयन जिला निविदा समिति करती है। इसमें मंत्री की कोई व्यक्तिगत भूमिका नहीं होती। भाजपा जिस टेंडर का हवाला दे रही है, वे सभी टेंडर मंत्री के कार्यभार संभालने से पहले ही प्रक्रियाधीन थे। मामला सामने आते ही मंत्री ने तत्काल जांच दल का गठन कर विभागीय समीक्षा का निर्देश दिया है। दोषी पाये जाने पर कार्यकारी एजेंसियों (जैसे सिविल सर्जन) पर भी कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने कहा कि भाजपा को चाहिए कि झूठे आरोपों का सहारा लेने के बजाय तथ्यों के साथ राजनीति करें। डॉ इरफान अंसारी ने हमेशा जनहित में पारदर्शी कार्य किया है और भाजपा के खोखले आरोप उनकी बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच बढ़ते कद से घबराहट का नतीजा है।

---

## जीएसटी सुधार 2025 : आत्मनिर्भर भारत की कर क्रांति

# पीएम मोदी का देशवासियों को त्योहारों का उपहार



डॉ प्रदीप कुमार वर्मा

भारत की आर्थिक यात्रा आज एक निर्णायक मोड़ पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार पारदर्शिता, सुशासन और विकास के मार्ग पर कदम बढ़ाया है, उसमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार एक मील का पत्थर है। 2017 में जीएसटी की शुरुआत के बाद यह अब तक का सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर सुधार है, जिसने न केवल कर प्रणाली को सरल बनाया बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को भी आर्थिक आधार दिया।

हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जो अगली पीढ़ी के सुधार लागू किये गये हैं, वे न केवल कर संरचना को आसान बनाते हैं, बल्कि आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग, एमएसएमई और उद्योग जगत–सभी को नयी ऊर्जा और राहत प्रदान करते हैं।

**दो-स्लैब संरचना : पारदर्शिता और सरलता का नया युग :** पहले जहां 5%, 12%, 18% और 28% की बहुस्तरीय व्यवस्था थी, अब उसे सिर्फ दो दरों - 5% और 18% में बदल दिया गया है। इससे कराधान का ढांचा अधिक पारदर्शी, न्यायसंगत और पालन में आसान होगा। जीएसटी सुधारों ने घरेलू आवश्यक वस्तुओं (साबुन, टूथपेस्ट, भारतीय ब्रेड) पर कर घटाकर 5% या शून्य कर दिया, जिससे सामर्थ्य में वृद्धि हुई।

जीवन रक्षक दवाओं की कीमतें 12% से घटा कर शून्य या 5% कर दी गयी, जिससे स्वास्थ्य सेवा सस्ती हो गयी। दोपहिया वाहन, छोटी कारें, टीवी, एसी, सीमेंट पर कर 28% से घटा कर 18% कर दिया गया , जिससे मध्यम वर्ग को राहत मिली। कृषि मशीनरी और सिंचाई उपकरणों पर कर 12% से घटाकर 5% किया गया, जिससे कृषि लागत में कमी आयी। ये परिवर्तन केवल आंकड़ों में कमी नहीं हैं, बल्कि मध्यम वर्ग के घरों की बचत, किसानों की उत्पादन लागत में कमी, और छोटे उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता में वृद्धि के प्रत्यक्ष उपाय हैं।

**सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सुधार :** भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा हमेशा से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण पर केंद्रित रही है। यही दृष्टिकोण इन सुधारों में परिलक्षित होता है-



**शिक्षा :** किताबों, पेंसिल, क्रेयॉन्स, शार्पनर और ज्योमेट्री बॉक्स जैसी वस्तुएं अब शून्य या 5% जीएसटी पर मिलेंगी। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की पढ़ाई सस्ती होगी।

**स्वास्थ्य :** दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर दरों में कटौती से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट ने हर परिवार को सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

**कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था :** कम दरों पर कृषि मशीनरी, जैविक कीटनाशक और मधुमक्खी पालन उपकरण मिलने से किसानों की लागत घटेगी और आत्मनिर्भर खेती को बल मिलेगा।

**कला और संस्कृति :** हस्तशिल्प, मूर्तियां, खिलौने और लोककला पर कर दरें घटा कर 5% की गयी हैं। इससे ग्रामीण कारीगरों और परंपरागत कलाकारों की आजीविका सुरक्षित होगी और भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षण मिलेगा।

पिछले वर्षों में देखा गया है कि कम दरों और बेहतर अनुपालन से राजस्व वसूली में वृद्धि हुई है। औसत मासिक संग्रह 2017-18 के 82,000 करोड़ से बढ़ कर 2.04 लाख करोड़ हो गया है। करदाताओं का दायरा 66.5 लाख से बढ़ कर 1.51 करोड़ तक जा पहुंचा। यह न केवल आर्थिक औपचारिकता को बढ़ाता है, बल्कि देश की वित्तीय नींव को भी मजबूत करता है।

**झारखंड के संदर्भ में लाभः** झारखंड एक खनिज-समृद्ध, औद्योगिक और साथ ही कृषि-प्रधान राज्य है। यहां मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान और छोटे व्यापारी बड़ी संख्या में रहते हैं। नयी जीएसटी संरचना से निर्माण सामग्री और सीमेंट सस्ते होने से आवासीय योजनाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को गति मिलेगी। कृषि उपकरण सस्ते होने से झारखंड के छोटे किसान लाभान्वित होंगे और पानी-बचत वाली सिंचाई प्रणालियां लोकप्रिय होंगी। छोटे उद्योगों, स्टार्टअप्स और हस्तशिल्प कारीगरों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की लागत घटने से ग्रामीण और आदिवासी परिवारों की जेब पर बोझ कम होगा। झारखंड भाजपा का संकल्प है कि इन सुधारों को राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाया जाये, ताकि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति साकार हो।

**राजनीतिक और वैचारिक दृष्टिकोण :** भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की दृष्टि हमेशा राष्ट्र प्रथम, समाज सर्वोपरि रही है। जीएसटी सुधार इसी दिशा में एक ठोस कदम है। यह सुधार मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को राहत देता है, जो भाजपा की समाज-केन्द्रित राजनीति का मूल है। यह सुधार किसानों और कारीगरों को सम्मानजनक जीवन देता है, जो आत्मनिर्भर भारत का आधार है। यह सुधार औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है, जिससे भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर कहा था– यह आपके लिए दिवाली का तोहफा है। वास्तव में यह केवल कर कटौती नहीं बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता का पर्व है।

**चुनौतियां और आगे की राह :**

निस्संदेह, सुधारों की सफलता तभी सुनिश्चित होगी जबः 1. राज्यों को राजस्व का संतुलन बनाये रखने के लिए पर्याप्त सहयोग मिले। 2. डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए छोटे व्यापारियों को कर अनुपालन में सरलता हो। 3. उपभोक्ताओं को तत्काल राहत सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र हो। भाजपा झारखंड और मैं स्वयं राज्यसभा सांसद के रूप में यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि ये सुधार झारखंड की धरती पर वास्तविक परिवर्तन लेकर आयें।

**निष्कर्ष :** जीएसटी सुधार 2025 केवल कर प्रणाली का सरलीकरण नहीं है, बल्कि यह नये भारत की आर्थिक क्रांति है। इससे जहां गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिली है, वहीं किसानों, छोटे उद्योगों और कारीगरों को भी नयी दिशा मिली है। यह सुधार भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को गति देगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। झारखंड की जनता और पूरे भारत को यह भरोसा होना चाहिए कि भाजपा की नीतियां सदैव समाजहित और राष्ट्रहित के लिए समर्पित हैं।

**(लेखक : राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री, भाजपा झारखंड हैं।)**

### आर्थिक विकास का बहुगुणक प्रभाव

**जीएसटी सुधार केवल कर घटाने का कदम नहीं है। यह विकास का गुणक तंत्र है**

| | | |
|---|---|---|
| कम कीमतें - | अधिक मांग - | बढ़ी हुई खपत |
| खपत में वृद्धि - | उद्योगों का उत्पादन तेज - | रोजगार के अवसर |
| उद्योगों की मजबूती - | सरकार की राजस्व वृद्धि - | सामाजिक योजनाओं में निवेश |

---

# गारू में मनरेगा में नाबालिग के नाम पर बना जॉब कार्ड

**अवैध भुगतान का आरोप**


आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड में मनरेगा कार्यों में गंभीर गड़बड़ी और भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ पंचायत में नाबालिग बच्चों के नाम पर फर्जी तरीके से जॉब कार्ड बना कर अवैध भुगतान किये जाने का आरोप सामने आया है।

ग्रामीणों के अनुसार बारेसांढ़ निवासी आरपी सिंह, पिता रघुनाथ सिंह, की उम्र लगभग 17 वर्ष है। उनके आधार कार्ड में जन्मतिथि 22 अप्रैल 2008 दर्ज है। नाबालिग होने के बावजूद पंचायत के रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर की मिलीभगत से उनका जॉब कार्ड बना कर विभिन्न योजनाओं के तहत भुगतान कर दिया गया है। इस जॉब कार्ड की संख्या 8578 बतायी गयी है।

ग्रामीणों का कहना है कि जॉब कार्ड बनाने की प्रक्रिया में मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा दस्तावेजों की जांच अनिवार्य होती है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर फर्जी तरीके से नाबालिगों और स्कूली छात्रों के जॉब कार्ड बनाये गये हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस तरह से मनरेगा अधिनियम की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं और सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।

ग्रामीणों ने आरपी सिंह समेत कई नाबालिग बच्चों के फर्जी जॉब कार्ड की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उपायुक्त लातेहार से की है।




### मामले की जांच की जायेगी : बीपीओ

वहीं, इस मामले पर पूछे जाने पर गारू प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) दिलीप कुमार पाल ने कहा कि फिलहाल मामले की जांच की जायेगी, उसके बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। ऑपरेटर को इस संबंध में देखने का निर्देश दिया गया है।

### जांच के बाद बता पाऊंगा : बीडीओ

इस संबंध में गारू प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार ने बतलाया कि मुझे संज्ञान में नहीं है। मैं जांच करने के बाद ही कुछ भी बता पाऊंगा। बाकी मुझे डिटेल भेज दिया जाये।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.47 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत की नाइटिंगेल लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि 'सुरधारा' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संगीत सरिता और हारमनी इवेंट एंड स्कूल ऑफ म्यूजिक के बैनर तले भारत रत्न स्वर कोकिला और भारत की नाइटिंगेल कही जाने वाली लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि 'सुरधारा' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम में राज्य के कई जाने-माने कलाकारों ने भाग लिया और अपनी कला से लगा मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की होस्ट प्रसिद्ध संगीत साधिका और समाजसेवी वीणा श्री ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का अभिवादन किया।

## संगीत मेरी पूजा है : वीणा श्री

प्रसिद्ध संगीत साधिका और समाजसेवी वीणा श्री ने कहा कि मेरे हर संघर्ष, मेरे शरीर के हर पाट में, मेरी ज़िंदगी... सब कुछ संगीत है। संगीत के सिवा इस दुनिया में किसी को भी मैंने इतना नहीं चाहा जितना मैंने संगीत को चाहा। संगीत मेरी चाहत है, संगीत मेरे जज्बात हैं और संगीत मेरी पूजा है। उन्होंने संगीत के महत्व पर बात करते हुए कहा कि जितने भी लोग यहां आये हैं, जितने भी बच्चे आये हैं, मैं चाहती हूं कि वे संगीत की पूजा करें। संगीत को साधना समझें, क्योंकि ये एक ऐसी चीज है कि अगर आप डिप्रेशन में हैं, एंग्जायटी में हैं, तो बस एक गीत सुनिए, और देखियेगा आप खुद-ब-खुद बेहतर महसूस करेंगे।

वीणा श्री ने बताया कि विदेशों में तो म्यूज़िक थेरेपी पहले से ही चलन में है और अब भारत में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है। भारत में म्यूजिक थेरेपी बहुत जरूरी है, ताकि लोग डिप्रेशन और एंग्जायटी से बाहर निकल सकें। हमारी कोशिश भी यही है कि हम इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।

## समाजसेवा में भी अग्रणी

सिर्फ संगीत ही नहीं, वीणा श्री समाज सेवा में भी लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि कई बार रात के 12-1 बजे कॉल आता है कि किसी मरीज को खून की जरूरत है, ऑपरेशन थिएटर में है। ऐसे मैं बस भगवान के सामने खड़ी हो जाती हूं और कहती हूं, भगवान, इन्हें बचा लो। विश्वास मानिए, ऊपर वाला हमेशा मदद करता है, और ब्लड अरेंज हो जाता है। उनकी जान बच जाती है।

## संगीत सरिता और हार्मनी स्कूल - संगीत के जरिए सेवा की मिसाल

वीणा श्री ने बताया कि वह कई समाजसेवी संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने स्वयं भी संगीत सरिता नामक एक संस्था की स्थापना की है। इस संस्था के माध्यम से वे उन गरीब और जरूरतमंद बच्चियों की शादी करवाने में मदद करती हैं, जो या तो उनके साथ काम करती हैं या फिर आर्थिक रूप से कमजोर हो, वीणा श्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल संगीत सिखाना नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की ज़िंदगी को भी बेहतर बनाना है, वीणा श्री कहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने हार्मनी स्कूल की भी शुरुआत की है, जहां बच्चों को संगीत की शिक्षा दी जाती है। वीणा श्री बताती हैं कि हर रविवार को हम बच्चों को संगीत सिखाते हैं और मंगलवार को खास तौर पर उन बच्चों के लिए क्लास लगायी जाती है, जो फीस देने में असमर्थ हैं, इस नेक काम में शिक्षक भी अपना सहयोग देते हैं।

वीणा श्री का मानना है कि संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी हो सकता है – और उनकी ये दोनों संस्थाएं इसी सोच को जमीन पर उतारने का प्रयास हैं। वीणा श्री का जीवन एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक माध्यम बन सकता है। उनका समाज के प्रति समर्पण और संगीत के प्रति भक्ति, दोनों ही प्रेरणादायक हैं।

कार्यक्रम में आरव सिंघल, पूर्वी, शौर्य सिंघल, आशी, रोशन, रोशनी, जीत, आदित्य, अनय, मयंक, मिस्टी, सुहाना जैसे छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं। इन बच्चों की नृत्य और संगीत प्रतिभा ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक राज्य मंत्री ज्योति मथारू, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, आजाद सिपाही के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, समाजसेवी अस्मित शेट्टी, अजीता भट्टाचार्य, तनुश्री सरकार, सीमा राय, परमजीत टिंकू (गुरु नानक स्कूल सचिव), डॉ अनिल कुमार, सोनाली भट्टाचार्य, गुरनाम सिंह, राजीव रंजन मिश्रा (आरोग्यम डायरेक्टर), राशिद हुसैन, सौरव प्रसाद, रवि रंजन, राजेश, साबिर हुसैन (आईफा डायरेक्टर), अर्शद उदय (उम्मीद ट्रस्ट), देवाशीष राय (कॉसमॉस क्लब), संतोष कुमार, गायन क्षेत्र से मृणालिनी अखौरी, नीलिमा ठाकुर, वंदना उपाध्याय, डॉ पॉम्पा सेन विश्वास, गिरिजा शंकर केजरीवाल, नीतू सिंह (पार्षद), रवि मेहता, क्षत्रिय महासभा की रीना सिंह, मनीष सिंह, नीलू सिंह, खुशी काकन, सुमन सिंह, समाजसेवी वीणा सिंह, शिवकुमार शर्मा और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शैलपुत्री



मां दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरूप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर। शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर यह समझा जाता है कि देवी शैलपुत्री कैलाश पर्वत की पुत्री हैं। लेकिन यह बहुत ही सतही विचार है। इसका योग के मार्ग पर वास्तविक अर्थ है झ्र चेतना का सर्वोच्चतम स्थान। यह बहुत दिलचस्प है कि जब ऊर्जा अपने चरम स्तर पर होती है, तभी आप इसका अनुभव कर सकते हैं। इससे पहले कि यह अपने चरम स्तर पर न पहुंच जाये, तब तक आप इसे समझ नहीं सकते क्योंकि चेतना की अवस्था का यह सर्वोत्तम स्थान है, जो ऊर्जा के शिखर से उत्पन्न हुआ है। यहां पर शिखर का मतलब है, हमारे गहरे अनुभव या गहन भावनाओं का सर्वोच्चतम स्थान। जब व्यक्ति 100% क्रोध में होता है तो महसूस करेंगे कि क्रोध शरीर को कमजोर कर देता है। दरअसल हम क्रोध को पूरी तरह से व्यक्त नहीं करते, जब 100% क्रोध में होते हैं और पूरी तरह से क्रोध को व्यक्त करें तो इस स्थिति से जल्द ही बाहर निकल सकते हैं। जब 100% किसी भी चीज में होते हैं, तभी उसका उपभोग कर सकते हैं। ठीक इसी तरह जब क्रोध को पूरी तरह से व्यक्त करेंगे, तब ऊर्जा की उछाल का अनुभव करेंगे और साथ ही तुरंत क्रोध से बाहर निकल जायेंगे। क्या कभी देखा है कि बच्चे कैसे व्यवहार करते हैं? जो भी वे करते हैं, 100% करते हैं। अगर वे क्रोध में हैं, तो वे उस पल में 100% गुस्से में हैं, और फिर तुरंत कुछ ही मिनटों के बाद वे उस क्रोध को भी छोड़ देते हैं। अगर वे नाराज हो जाते हैं, तो भी वे थकते नहीं। लेकिन अगर आप क्रोध हो जाते हैं, तो आपका क्रोध आपको थका देता है। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप अपना क्रोध 100% व्यक्त नहीं करते। अब इसका मतलब यह नहीं है कि आप हर समय नाराज ही रहें। तब आपको उस परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा, जिसकी वजह से क्रोध आता है। जब आप किसी भी अनुभव या भावना के शिखर तक पहुंचते हैं, तो आप दिव्य चेतना के उद्भव का अनुभव करते हैं, क्योंकि यह चेतना का सर्वोत्तम शिखर है। शैलपुत्री का यही वास्तविक अर्थ है।

### मां शैलपुत्री की पूजा में कौन से मंत्र का जाप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शैलपुत्र्यै नमः झ्र मंत्र के जप से आप मां दुर्गा के पहले स्वरुप मां शैलपुत्री की आराधना कर सकते हैं।*

# मैकलुस्कीगंज के पर्यटन स्थलों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को निजी दौरे पर मैकलुस्कीगंज पहुंचे। वहां उन्होंने मैकलुस्कीगंज के कई पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन एवं रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सबसे मैकलुस्कीगंज स्थित डाकबंगला पंहुचे, जहां उन्होंने काफी समय बिताया और अधिकारियों से मैकलुस्कीगंज के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नकटा पहाड़ सहित कई स्थलों का भ्रमण किया और सर्व धर्म स्थल सहित अन्य पर्यटन स्थलों के संबंध में जानकारी ली। बताया जाता है कि उन्होंने अधिकारियों से मैकलुस्कीगंज को पर्यटन स्थल को विकसित करने संबंधित बातों पर चर्चा हुई। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मैकलुस्कीगंज डाक बंगला में भी ठहरे। यहां उन्होंने स्थानीय एंग्लो-इंडियन परिवारों के उनके रहन-सहन, समस्याओं और जीवनशैली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विशेषताओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के इस दौरे मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी कि मैकलुस्कीगंज को पर्यटन हब के रूप में नयी पहचान मिलेगी और विकास की एक नयी पहल होगी। नकटा पहाड़ से लौटने के क्रम में मैगजीन मोड़ में झामुमो नेता अनिल पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

इस मौके पर खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव अंबष्ट इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धन्नजय बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सांसद दीपक प्रकाश ने रांची से सात ट्रेनों के परिचालन की मांग की

**इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को भी लिखा पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सासंद दीपक प्रकाश ने रांची/हटिया से रेल सेवा विस्तर की मांग की है। उन्होंन विभिन्न जगहों के लिए सात ट्रेनों के परिचालन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को भी लिखा पत्र भी लिखा है। पत्र में दीपक प्रकाश ने कहा है कि रांची झारखंड की राजधानी है। क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संरचना में एक केंद्रीय भूमिका निभाती है।

रांची एवं इसके आसपास के जिलों की एक बड़ी जनसंख्या उच्च शिक्षा, रोजगार, उन्नत चिकित्सा सुविधा, धार्मिक यात्रा, रक्षा संबंधी आवागमन, व्यापारिक गतिविधियां, वाणिज्यिक कार्य तथा पर्यटन जैसे विविध उद्देश्यों के लिए देश के विभिन्न भागों में नियमित रूप से यात्रा करती है।

यात्रियों की बढ़ती मांग तथा रांची एवं हटिया स्टेशनों की रणनीतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए, यह विनम्र प्रस्ताव किया जाता है कि नयी रेल सेवाओं की शुरुआत की जाये। साथ ही अहमदाबाद, इंदौर, अमृतसर, अयोध्या (लखनऊ मार्ग से), सिकंदराबाद एवं अल्लेप्पी। वर्तमान में इन मार्गों पर सीधी रेल सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। समर्पित रेल सेवाओं की शुरुआत से यात्रियों की सुविधा, संपर्क क्षमता तथा क्षेत्रीय समन्वय में उल्लेखनीय सुधार होगा। सांसद ने पत्र में एक-एक ट्रेन का जिक्र करते हुए इसके परिचालन शुरू करने के उद्देश्य और औचित्य का भी जिक्र किया है।

### इन ट्रेनों के परिचालन की मांग की

- हटिया से अमृतसर
- रांची से अल्लेप्पी
- रांची से पोरबंदर
- हटिया से इंदौर
- हटिया से लखनऊ (अयोध्या मार्ग से)
- रांची से राउरकेला
- रांची से हैदराबाद

# जीएसटी रिफॉर्म : जनता को मिला त्योहार का तोहफा

# आत्मनिर्भर भारत की ओर ऐतिहासिक कदम



प्रतुल शाहदेव




### आयकर और जीएसटी छूट से ऐतिहासिक राहत

आयकर और जीएसटी सुधारों से देशवासियों को लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बजट राहत मिलेगी। यह भारतीय इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा टैक्स रिफॉर्म पैकेज है। देशवासियों को इनकम टैक्स और जीएसटी रिफॉर्म से ढाई लाख करोड रुपये की जो बचत होगी, जो वापस अर्थव्यवस्था में जायेगी और अर्थव्यवस्था और बेहतर होगी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, पहली बार देशवासियों के पास इतना बड़ा अतिरिक्त बजट होगा। यह पैसा अब उनकी जरूरतों और खुशहाली में खर्च होगा। जीएसटी रिफॉर्म्स को विशेषज्ञ भारत की आर्थिक यात्रा का टर्निंग प्वाइंट मान रहे हैं। टैक्स में राहत, खपत में वृद्धि और स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग का आह्वान— ये सब मिलकर भारत को आर्थिक रूप से और मजबूत बनायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में, आइए, हम सब मिल कर स्वदेशी को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने ऐतिहासिक संबोधन में देशवासियों को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स का तोहफा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ टैक्स सुधार नहीं है, यह भारत की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भरने वाला परिवर्तन है।

**रोजमर्रा की जरूरतें होंगी और सस्ती :** 22 सितंबर से रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं और खाने-पीने का सामान जो अब तक 12% टैक्स स्लैब में आते थे, उन्हें 5% पर लाया जायेगा या उन पर टैक्स पूरी तरह शून्य कर दिया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, गरीब और मध्यम वर्ग के थाली में जो जाता है, उस पर टैक्स का बोझ अब और कम होगा।

**खपत बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था को रफ़्तार मिलेगी :** आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स स्लैब में यह कटौती सीधे खपत को बढ़ाएगी। अर्थशास्त्र का बेसिक सिद्धांत भी यही है कि कीमतें कम होने से खपत बढ़ती है और खपत बढ़ने से उत्पादन का दायरा बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, जब उत्पादन बढ़ेगा, खपत बढ़ेगी, तब भारत की जीडीपी और मजबूत होगी।

**मेक इन इंडिया और स्वदेशी अभियान को नयी शक्ति :** अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से मेक इन इंडिया और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा, आज हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह स्वदेशी उत्पादों को अपनाए। यही हमारे कुटीर उद्योग और छोटे व्यापारियों की असली ताकत है। यही आत्मनिर्भर भारत का मार्ग है झ्र विशेषज्ञ मानते हैं कि इस कदम से देश के लघु एवं कुटीर उद्योग को नयी ऊर्जा मिलेगी। ग्रामीण और छोटे शहरों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी।

# 'विकसित भारत' थीम पर चित्रकला कार्यशाला का आयोजन कल

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए), क्षेत्रीय केंद्र, रांची दावारा संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल 'सेवा पर्व' के तहत कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए), क्षेत्रीय केंद्र, रांची दावारा संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल 'सेवा पर्व' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आइजीएनसीए ने कहा है कि सेवा पर्व एक राष्ट्रीय पहल है, जो सेवा को देशभक्ति के सर्वोच्च रूप के रूप में मनाती है। यह विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। 'विकास भी, विरासत भी' (विकास के साथ-साथ धरोहर) के सिद्धांत पर आधारित यह पहल सांस्कृतिक गर्व को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ती है।

कला, धरोहर, नवाचार, कल्याण, पर्यावरण देखभाल और महिला नेतृत्व में प्रगति जैसी गतिविधियों के माध्यम से यह पहल नागरिकों – विशेष रूप से युवा, महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों को देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है। चित्रकला कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और उभरते हुए कलाकारों को विकसित भारत की अपनी दृष्टि व्यक्त करने के लिए एक रचनात्मक मंच प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम कला के माध्यम से सांस्कृतिक गर्व, एकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों और कलाकारों को सामूहिक रचनात्मकता और राष्ट्र-निर्माण की कल्पनाशील खोजों में संलग्न करेगा।

'विकसित भारत' थीम पर चित्रकला कार्यशाला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में और दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के सहयोग से दो दिनों तक आयोजित की जायेगी। सुबह 10 बजे से पांच बजे तक 23 सितंबर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में और 24 सितंबर सुबह 8 बजे से दोबहर एक बजे तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में हो रहा है। कार्यशाला में प्रत्येक दिन 100+ छात्रों की भागीदारी के साथ 200 से अधिक छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। विजेता प्रविष्टियों के लिए पुरस्कार राशि संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की जायेगी। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संदय सेठ, विधायक सीपी सिंह, विधायक सारयू राय, पद्मश्री अशोक भगत, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसराज, पद्मश्री महावीर नायक समेत अन्य लोग प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए शामिल शिरकत करेंगे।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## तीन दिन तक चलनेवाले इस्ट टेक 2025 का भव्य समापन

# पूर्वी कमान अत्याधुनिक स्वदेशी रक्षा तकनीकें रांची में प्रदर्शित की जायेंगी

### आयोजकों और उद्योग सहयोगियों को किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय सेना की ईस्टर्न कमान द्वारा आयोजित इस्ट टेक 2025 के चौथा संस्करण का भव्य और सफलतापूर्वक समापन रांची के खेलगांव स्टेडियम में हुआ। 19 से 21 सितंबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी में बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया और पूर्वी क्षेत्र में सेना की आत्मनिर्भरता की दृष्टि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

इस प्रदर्शनी में भारतीय रक्षा तंत्र के विभिन्न क्षेत्रों से अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली, जिसमें रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, डीआरडीओ, एमएसएमइ, निजी उद्योग और स्टार्ट-अप्स शामिल रहे। सभी ने 'आत्मनिर्भर भारत' और 'रक्षा आत्मनिर्भरता के साझा लक्ष्य के अंतर्गत अपनी भागीदारी दर्ज करायी। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने भारतीय सेना की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप अत्याधुनिक समाधानों को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया।

प्रदर्शनी में उन्नत संचार प्रणाली, गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स समाधान, बख्तरबंद सुरक्षा और जीवंतता मंच, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली, ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स और स्वायत्त प्रणाली तथा नयी पीढ़ी के अग्नि-शक्ति समाधानों जैसी विविध तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इन प्रदर्शनों ने प्रदर्शित समाधानों की व्यावहारिक उपयोगिता को रेखांकित किया और वास्तविक परिस्थितियों में उपयोगकर्ताओं को मूल्यवान अनुभव प्रदान किया। अपने भ्रमण के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने रक्षा विनिर्माताओं, नागरिक प्रशासन की समन्वित भूमिका की सराहना की। प्रमुख आयोजकों और उद्योग सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

21 सितंबर को आयोजित समापन समारोह में ब्रहमास्त्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल यशपाल सिंह अहलावत, एवीएसएम, वाइएसएम, एसएम ने दीक्षांत भाषण दिया तथा रक्षा राज्य मंत्री ने विशेष संबोधन किया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और स्थानीय जनसमुदाय, विद्यालयों के छात्र एवं एनसीसी कैडेट्स ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस्ट टेक 2025 ने रक्षा-उद्योग-सैन्य सहयोग के एक आदर्श आयोजन के रूप में स्वयं को स्थापित किया है, जिससे वास्तविक उपयोगकर्ताओं से डेवलपर्स तक सीधे फीडबैक प्राप्त हुआ। क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान पहचाने गये और अनुसंधान एवं विकास तथा क्षेत्रीय परीक्षण में भविष्य के सहयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह सब 'विकसित भारत' की दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

प्रदर्शनी में न केवल व्यावसायिक और अत्याधुनिक नवाचारों को प्रदर्शित किया गया, बल्कि कई स्वदेशी रूप से विकसित प्रणालियों को भी पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन ने एक तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रखी, जो भारत को रक्षा नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने की राष्ट्रीय दृष्टि से पूर्णतः सामंजस्य रखती है। अपनी सफल परिणति के साथ इस्ट टेक 2025 ने भारत की रक्षा क्षमता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं के अनुरूप ढलने में ईस्टर्न कमान की रणनीतिक दूरदर्शिता को भी पुनः स्थापित किया है।

# अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी, भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर रौंद डाला

### भारत ने 6 विकेट से जीता मुकाबला

**एजेंसी**



**दुबई।** भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने रविवार रात को दूसरे सुपर-4 मैच में पाकिस्तानियों को 6 विकेट से हराया।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 174 विकेट पर हासिल कर लिया। तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में शाहीन अफरीदी की बॉल पर छक्का, फिर चौका लगाकर भारत को जीत दिलायी। वे 19 बॉल पर 30 रन बना कर नाबाद लौटे।

अभिषेक शर्मा ने 39 बॉल पर 74 रन बनाये। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। अभिषेक ने शुभमन गिल (47 रन) के साथ 59 बॉल पर 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारत के रन चेज को आसान कर दिया।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। उनके अलावा सैम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 22-21 रन बनायो। कप्तान सलमान आगा 17 और फहीम अशरफ 20 रन बना कर नाबाद रहे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपना 91वां स्थापना दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र रांची अंचल कार्यालय द्वारा बीएनआर चाणक्य रांची में अपना 91 वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के कर कमलों से किया गया। समारोह की अध्यक्षता बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रांची अंचल कार्यालय के अंचल प्रबंधक शिखा कु. चौधरी ने की तथा इस उपलक्ष्य में बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं प्रतिष्ठित ग्राहकगण उपस्थित हुए।

समारोह में बैंक के व्यवसायिक प्रदर्शन, जमा वृद्धि, वित्तीय समावेश, वित्त पोषण जैसी प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। वित्त मंत्री ने अपने उद्बोधन में बैंक की वित्तीय समावेशन और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने की सराहना की और झारखंड के आर्थिक विकास में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। उन्होंने सलाह दी कि ग्रामिण क्षेत्रों में अपनी शाखा को बढ़ायें ताकि घर घर तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंच सकें। हमारी बैंक के सभी शाखाओं ने वित्तीय समावेशन एवं स्वयं सहायता समूह को वित्तीय सहायता प्रदान कर सामाजिक कल्याण हेतु सुदृढ़ लक्ष्य को प्राप्त किया। इसके लिए उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्रा, रांची अंचल कार्यालय को धन्यवाद दिया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 1935 में स्थापित एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, जो अपने ग्राहकों को नवोन्मेषी और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

# जेसीआइ एक्सपो का संडे धमाल उमड़ा जनसैलाब, आज आखिरी दिन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रविवार मोराबादी मैदान के एक्सपो उत्सव मेले में लोगो का हुजूम देखने को मिला और वही पुराने दिनों की झलक दिखी जो हर साल दिखा करती थी। एक्सपो जो की मोराबादी में 16 से 22 सितंबर तक लगा है। उसका छठा दिन था और तकरीबन 1 लाख लोगो से ज्यादा ने एक्सपो का दीदार किया। सभी हैंगर में ग्राहकों की लंबी कतारें लगी थी और स्टॉल धारक बोहोत खुश दिखे। शनिवार को मिड्नायट कार्निवल का आयोजन हुआ था, जिसमें काफी लोगों ने शिरकत की। रविवार को पेंटिंग, फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें लोगों का उत्साह बनते दिखा। भीड़ को देखते हुए मेले की समय सीमा बढ़ानी पड़ी। रोज चल रहे रक्त दान शिविर का कल आखिरी दीन था। एक्सपो में लगभग 100 यूनिट का रक्त दान हुआ।

सोमवार एक्स्पो का आखिरी दिन है और जो भी लोग एक्स्पो अभी तक नहीं आ पाये हैं, वो आज आ कर मेले का आनंद रात 8 बजे तक उठा सकते हैं। समापन समारोह का समय शाम 4 बजे का है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जेएफएस अंकुर झुनझुनवाला, नेशनल प्रेसिडेंट, जेसीआई इंडिया, और मुख्य वक्ता होंगी जे.एफ.एस रखी जैन, पास्ट नेशनल प्रेसिडेंट 2021, जेसीआइ इंडिया। विशिष्ट अतिथि होंगे जेएफडी गौरव अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष, जेसीआइ इंडिया मंडल 3। एक्सपो के आखिरी दिन ग्राहकों की भरमार होते आई है। लोग मन से सामान खरीदने आते है। अफगानिस्तान, ईरान, दुबई, तुर्की, सिंगापुर, थाईलैंड, कोरिया, मलेशिया के स्टॉल्स में अलग सी उमंग है। अलीगढ़, ईसर हरियाणा, केरल, हैदराबाद, राजस्थान, लुधियाना, चंडीगढ़, मुंबई, बैंगलोर और भी कई जगह के स्टॉल्स लगे है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा सेवा भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 228वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगायी गयी। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। अंत में सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, नंदकिशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, मधुसूदन जाजोदिया, सुरेश अग्रवाल, मुंजाल, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, संजय सर्राफ, पवन पोद्दार, मुरली प्रसाद, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

### महालया के अवसर पर गरीब महिलाओं के बीच वस्त्र वितरित



रांची (आजाद सिपाही)। नवरात्रि की पूर्व संध्या महालया के अवसर पर रविवार को बिरसा चौक-हटिया स्टेशन रोड स्थित होटल द पार्क रिट्रीट परिसर में गरीब व जरूरतमंद महिलाओं एवं युवतियों के बीच वस्त्र वितरित किया गया। क्षेत्र के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता रामाशंकर प्रसाद के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच साड़ियां एवं सलवार-सूट बांटे गये। मौके पर रामाशंकर प्रसाद ने कहा कि गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा से सुखद अनुभूति होती है। मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। श्री प्रसाद ने कहा कि हर वर्ष महालया के अवसर पर गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा की जाती है। उनके बीच दैनिक जीवन में उपयोगी सामग्री का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर आशा देवी,वीर नारायण प्रसाद, विजय शर्मा, आदित्य कुमार, अभिषेक कुमार, खुशबू कुमारी, जयंत झा सहित अन्य मौजूद थे।

### श्री श्याम महोत्सव का आय-व्यय का ब्योरा सर्वसम्मति से पारित



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा संपन्न हुए चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष में रविवार को मंदिर के सभागार में समीक्षा सभा आयोजित की गयी। सर्व प्रथम श्री श्याम वंदना के साथ बैठक शुरू की गयी। तत्पश्चात मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। मंडल के कोषाध्यक्ष राजेश सारस्वत ने श्री श्याम महोत्सव का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। मंडल के सदस्यों ने मंडल की भावी प्रगति के लिए अपने सुझाव रखे। मंडल के मंत्री धीरज बंका ने मंडल द्वारा किये जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों का विवरण सभा को बताया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ सदस्य रमेश धरणीधरका ने दिया। सभा में रोहित साबू, अरुण धनुका, राजेश सारस्वत, अजय साबू, नितेश केजरीवाल, विकास पाडिया, ज्ञान प्रकाश बागला, प्रियांश पोद्दार, ज्योति पोद्दार, अभिषेक डालमिया, प्रदीप अग्रवाल, सज्जन सराफ, विक्रम परसरामपुरिया, राज कुमार जलान और अन्य उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गौ सेवा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से हरमु रोड गौशाला में रविवार को गौ सेवा की गयी। उल्लेखनीय है कि समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में हर महीने की अमावस को गौ सेवा की जाती है। संस्था की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने बताया कि गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गौ माता को हरी सब्जी, रोटी सहित अन्य सामाग्री खिलाई गई। यह सेवा निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया की ओर से की गयी। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, निकिता जलान सहित अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी संस्था की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# 'कपड़ा लत्ता घर' नये ट्रेंडी और फैंसी कपड़ों के शॉप का उद्घाटन

### त्योहारों के मौसम को देखते हुए ग्राहकों को खरीद पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** डोरंडा तुलसी चौक, बाबा कॉमलेक्स, कुसई रोड मे बच्चों के कपड़ों का शॉप 'कपड़ा लत्ता घर' का उद्घाटन डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद और संचालक की मां खैरून निशा ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। संचालक मोबीन खान ने कहा कि यहां नन्हे बच्चों से लेकर 15 साल तक के बच्चों की हर तरह की वैरायटी, फैंसी और ट्रेंडी ब्रांडेड कपड़े जो बाजार से हट कर उचित कीमत पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा की कपड़ा लत्ता घर में बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए ब्रांडेड कंपनियों के रेडिमेड गारमेंट्स मिलेंगे। इस अवसर पर पूजा और त्योहारों के मौसम को देखते हुए ग्राहकों को खरीद पर 10 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गयी हैं। उद्घाटन के समय तरन्नुम नाज, अमन एजाज खान, एजाज खान, परवेज खान, शाहाना एजाज, शाहिद खान, समीर हेजाजी आदि उपस्थित थे।

## अग्रसेन अग्रोहा और अग्रवाल : राजतंत्र, लोकतंत्र और स्वतंत्रता की भूमिका महत्वपूर्ण

# राष्ट्र सेवा, मानव सेवा, अहिंसा और समाजवाद के परिपूर्णकर्ता महाराजा अग्रसेन

**सांवर मल अग्रवाल**




शांति दूत,समतामूलक समाज के संस्थापक अहिंसा के पुजारी महाराज अग्रसेन का जन्म प्रताप नगर के राजा वल्लभ के यहां हुआ था। वह अपने परिवार के छठे पुत्र थे। यह काल महालक्ष्मी व्रत का और किंवदंतियोक्यों दंतियों के अनुसार द्वापर का अंतिम चरण रहा था। लगभग 5150 वर्ष पूर्व उनका जन्म आश्विन शुक्ल प्रथम के दिन हुआ था। उनके पिता सूर्यवंशी क्षत्रिय थे। राजा धनपाल की छठी पीढ़ी में थी अग्रसेन की माता का नाम माधवी था। वह नागवंशी परिवार से आयी थी। वह नागवंशी परिवार से सूर्यवंशियों की में आई माधवी के कारण दोनों संस्कृतियों के बीच गहन संपर्क संबंध बने अग्रसेन बाल्य काल से ही कुशाग्र तिक्षण बुद्धि तथा दयालु स्वभाव के थे। उनकी शिक्षा दीक्षा तांडव ऋषि के आश्रम में हुई थी। उनकी लोकप्रियता जन सहयोग के भावना एवं व्यवहार के चलते ही प्रजा के बीच हुई थी। प्रजा के हृदय में उनके प्रति काफी प्यार व सम्मान था उनका विवाह नागवंशी कन्या से होने के कारण दो संस्कृतियों सूर्यवंश और नाग वंश का मिलन हुआ था। इन दो संस्कृतियों के मिलन से देवराज इंद्र अग्रसेन से बहुत नाराज हुए थे, इस नाराजगी का बदला लेने के लिए देवराज इंद्र ने अग्रसेन के राज में वर्षा नहीं होने दी परिणाम स्वरूप प्रताप नगर में भारी अकाल पड़ा अग्रसेन ने इस विपदा का सामना किया लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाये, तब जाकर अग्रसेन ने अपनी कुलदेवी महालक्ष्मी की आराधना तप तपस्या पूजा पाठ किया महालक्ष्मी ने अग्रसेन को वरदान दिया कि इंद्र उनके राज्य को कोई हानि नहीं पहुंचा सकेंगे। महालक्ष्मी ने कहा कि कोलपुर के राजा महिधर की कन्या सुंदरवति से विवाह करो, इससे तुम्हारे राज्य में सुख शांति एवं समृद्धि आयेगी। कुलदेवी द्वारा प्राप्त संदेश को आत्मसात कर महाराजा अग्रसेन कोलपुर पहुंचे उस समय वहां पर सुंदरवती के विवाह के स्वयंवर की तैयारी चल रही थी। वह उस स्वयंवर में शामिल हुए स्वयंवर में इंद्रदेव के अलावा अन्य राजा भी आये थे। अग्रसेन के गले में माला डाल कर सुंदरवार ने उन्हें वर्णन कर लिया। इस पर इंद्रदेव नाराज होकर वहां से चले गये। अग्रसेन ने सुंदरवाती से विवाह किया और अपने राज्य लौट आये। इसके बाद अग्रसेन के राज्य की शक्ति में वृद्धि होने लगी इंद्रदेव ने अग्रसेन से बदला लेने की इच्छा को त्याग कर उनसे दोस्ती करने का निर्णय लिया। देवराज नारदजी इंद्र के प्रस्ताव को लेकर अग्रसेन के पास पहुंचे। नारदजी द्वारा देवराज के द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए इंद्र को गले लगा लिया। इंद्र राज इससे खुश होकर महाराज अग्रसेन के दरबार की शोभा बढ़ाने के लिए मधुशालिनी नामक अप्सरा की भेंट की। महाराज अग्रसेन ने मां लक्ष्मी के कवच को पहन कर पूरे राज्य का भ्रमण किया। अपने राज्य पहुंच कर राज्य की स्थापना की। नगर का नाम अग्रोहा रखा गया। महाराजा अग्रसेन जन उपयोगी कार्यों, विकास कार्यों से प्रभावित होकर उनके राज्य के आसपास के राज्यों में से लोग वहां जाकर बसने लगे देखते ही देखते अग्रोहा समृद्धि साली नगर बन गया। महाराज अग्रसेन ने अपने राज्य में समतामूलक समाजवाद का अनूठा शासन प्रारंभ किया। इस प्रयास से उनके राज्य में गरीब, अमीर, उच्च-निच के बीच की खाई खत्म हो गयी। वह पूज्यनीय इस कारण से हुए की उन्होंने समय की मांग को ध्यान में रख कर अहिंसा जीव हत्या समानता के मंत्र को के आधार पर राजकाज में कार्यों में प्रमुखता दी। अग्रसेन के इन आधारों को आधार पर बना कर आज भारत ही नहीं विश्व के देश के देशों में सरकारे चलाने की ओर ध्यान दे रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# आदित्य मल्होत्रा टीम ने मारी बाजी, 13 सदस्य हुए विजयी

## दोनों टीमों की सभी महिला उम्मीदवारों का रहा बेहतर प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव में आदित्य मल्होत्रा टीम का दबदबा रहा। टीम के 21 सदस्यों में से 13 विजयी रहे। तुलसी पटेल टीम के 8 सदस्य ही जीत पाये। रविवार की रात घोषित नतीजे के अनुसार आदित्य मल्होत्रा को सबसे अधिक 1939 वोट मिले, जबकि उन्हीं के टीम सदस्य प्रवीण लोहिया ने 1694 मत प्राप्त कर दूसरे नंबर पर रहे।

तुलसी टीम की विनिता सिंघानिया 1686 वोट के साथ तीसरे नंबर पर तो रहीं ही, साथ ही दोनों टीमों की सभी महिला प्रत्याशियों का भी बेहतर प्रदर्शन रहा। स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल, डंगराटोली में रविवार को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान चला। इसके बाद मतों की गिनती की गयी। रात साढ़े आठ बजे मतदान के नतीजे घोषित किये गये। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय उपस्थित थे। उन्होंने विजेता उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि राज्य के उद्योग को गति देने में आप सभी पूर्ण योगदान दें।

चुनाव मैदान में 44 उम्मीदवार थे, जिनमें से सर्वाधिक मत पाने वाले पहले 21 उम्मीदवारों को विजेता घोषित किया गया। अब जीत हासिल करने वाले यही 21 सदस्य मिलकर एफजेसीसीआइ के नये अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन करेंगे।

### आदित्य टीम के उम्मीदवारों को प्राप्त वोट

आदित्य मल्होत्रा को सबसे अधिक 1939 वोट, प्रवीण लोहिया 1694, नवजोत अलंग रूबल- 1637, रोहित अग्रवाल- 1531, रोहित पोद्दार -1567, मनीष सराफ -1417, मुकेश अग्रवाल -1468, डॉ अभिषेक रामधीन - 1564,राम बांगड़ - 1551, सुनील सरावगी1 - 205, संजय अखौरी - 1259,अनिल अग्रवाल - 1482, अमित अग्रवाल - 1109, सीए जेपी शर्मा - 1075, पूजा ढाढा 1487, आस्था किरण - 1557, निधि झुनझुनवाला - 1245, नवीन जैन -1162, अनीश बुधिया - 1404, अमित किशोर अग्रवाल - 1092, साहित्य पवन को 1261 मत प्राप्त हुए।

### टीम तुलसी के उम्मीदवारों को मिले मत

विनिता सिंघानिया 1686, तुलसी पटेल -1388, ज्योति कुमारी -1568, राहुल साबू-1463, विकास विजयवर्गीय -1327, दीनदयाल वर्णवाल -988,अमित शमा -1348,शैलेश अग्रवाल-1273, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव-683, विमल फोगला -1092, अरूण भरतीया -1056, नवीन अग्रवाल गाड़ोदिया -994, मनोज कुमार मिश्रा- 706,विकास अग्रवाल झाझरिया - 845, मोनिका गोयनका -1262, विकास मोदी -1476, कमलेश संचेती -842, संतोष अग्रवाल - 526, सुमित कक्कड़ -661, प्रकाश अग्रवाल समोता - 996, कुलवंत सिंह को 774 मत प्राप्त हुए। निर्दलीय उम्मीदवार : शैलेंद्र कुमार सुमन को 263 और ब्रजेश कुमार को 174 वोट मिले।

# 25 से स्वदेशी अपनाने का आह्वान करेंगे भाजपा कार्यकर्ता : कर्मवीर




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला द्वारा रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत जिला कार्यशाला महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश मंत्री मनोज वाजपेई, हेमंत दास, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, बालाराम सिंह, जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत अगामी 25 सितंबर पंडित दीनदयाल जयंती से 25 दिसंबर तक अटल बिहारी वाजपेई जयंती तक राज्य भर में भाजपा कार्यकर्ता हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी अभियान को चलाकर स्वदेशी अपनाने का आह्वान करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही हम भारत एवं झारखंड को विकाश पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र लोकल फॉर वोकल को जन जन तक कार्यकर्ता पहुंचने का कार्य करें। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि अब समय पूर्ण रूप से स्वदेशी अपनाने का समय आ चुका है। विश्व के प्रतिस्पर्धा ने भारत स्वदेशी अपनाकर ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब घर घर जाकर इस अभियान को जन आंदोलन बनायेंगे। कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश भास्कर, प्रेम मित्तल, रमेश सिंह, अरुण झा, कमाल खान, राजश्री जयंती, राजेंद्र केशरी, राजू सिंह, अनीता वर्मा, संजीव चौधरी, सुरेश प्रसाद, विनय सिंह, विकास रवि, बीना मिश्रा, बाल्साई महतो, देवेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, नयन परमार, पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह, राकेश शर्मा, रवि मुंडा सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **वृष** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **कन्या** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# कंट्री क्रिकेट क्लब की विजेता बनी 'द टीम'

## अध्यक्ष पद पर सुनील साहू को 460 वोट मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को कंट्री क्रिकेट क्लब का चुनाव में अध्यक्ष पद पर 'द टीम' के सुनील साहू 292 वोट के अंतर से जीत हासिल की। सुनील को 460 और भानु प्रताप सिंह को 168 वोट मिले। 14 दौर की मतगणना के बाद डायरेक्टर के सभी 12 पदों पर भी द टीम के प्रत्याशियों ने बाजी मारी।

द टीम के अनुपम देव को 458, चंद्रशेखर किंगर को 454, अजीत कुमार को 442 राजदीप सिंह को 426, राहुल झा को 422, कर्ण को 416, रोमी को 412, मनोज पांडे को 402, राजीव बधान को 379, काजल दास को 375, पवन कुमार को 375 और संदीप कुमार को 347 मत प्राप्त हुए।

टीम भानु के सभी उम्मीदवार पीछे रह गये। इनकी टीम में अर्चित आनंद को 247, मुकेश झा को 246, सुशील कुमार को 242, अमर को 206, ऋषि सहदेव को 192, इंद्र को 190, राजीव रंजन को 188, नितिन सर्राफ को 175, मनीष टांटिया को 168, रंजन साहू को 165, राजेश सिंह को 157 और सपन साहा को 153 मत मिले।

# एआरओआइकॉन 2025 झारखंड चैप्टर सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट इंडिया (एआरओआइ) झारखंड समूह ने रविवार को कांके रोड स्थित मैरियट प्रांगण में तीसरा एआरओआइकॉन 2025 झारखंड चैप्टर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस सम्मेलन में पूरे झारखंड और देश के अन्य हिस्सों मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और कटक से 60 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट शामिल हुए। उन्होंने एसोफैगल कैंसर, बोन और सॉफ्ट टिशू साकोर्मा और लिंफोमा पर चर्चा की। यह सम्मेलन रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से एआरओआइकॉन झारखंड चैप्टर के बैनर तले आयोजित किया गया था। इसका आयोजन राज्य सचिव डॉ दीपक कुमार और राज्य अध्यक्ष डॉ आफताब आलम अंसारी ने किया था।

इस सम्मेलन में अतिथि वक्ता डॉ इंदु बंसल, पारस हॉस्पिटल दिल्ली, डॉ जिफ्मी जोस, टीएमएच मुंबई, डॉ विवेक वर्मा, मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली और डॉ रिम्पा अचारी, टीएमसी कोलकाता थे। मुख्य अतिथि एएचआरसीसी कटक के प्रोफेसर एसएन सेनापति थे। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने कठिन मामलों के प्रबंधन और कैंसर देखभाल में नवीन विचारों को प्रस्तुत करने के तरीकों पर चर्चा की। डॉ विवेक वर्मा ने लिम्ब साल्वेज सर्जरी, यानी साकोर्मा में अंग खोये बिना सर्जरी के बारे में चर्चा की। अन्य विशेषज्ञों ने विशेष रूप से झारखंड जैसे कम आर्थिक स्थिति वाले राज्यों में कैंसर प्रबंधन की चुनौतियों और सीमित संसाधनों के साथ सर्वोत्तम प्रबंधन कैसे किया जाए, इस पर चर्चा की।

डॉ एसएन सेनापति ने सुझाव दिया कि प्रत्येक राज्य में एक कैंसर केंद्र को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जाए और इसके लिए ऑन्कोलॉजिस्टों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य ऑन्कोलॉजिस्टों में डॉ अजय अग्रवाल, डॉ कुमार सौरभ, डॉ अमितेश, डॉ गुंजेश, डॉ अमित, डॉ एसके कुंडू, डॉ स्नेहा झा, डॉ अनामिका, डॉ टीएम सिंह, डॉ अजीत कुशवाहा, डॉ मन्नवी, डॉ आदित्य, डॉ अभिषेक वर्मा आदि शामिल थे।

# युवा सुरक्षा वाहिनी की बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर विचार विमर्श



**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा सुरक्षा वाहिनी की बैठक रविवार को हुई। अध्यक्ष ओम वर्मा ने अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर विचार विमर्श किया गया। पूजा के दौरान होने वाले सभी बिंदु पर विचार किया गया। युवा सुरक्षा बैठक में जिला प्रशासन के साथ मिल कर पूजा पंडाल के आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला प्रशासन के सहयोगी के रूप में कार्य करने की सहमति हुई। युवा सुरक्षा वाहिनी के 200 स्वयंसेवक दुर्गा पूजा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन के साथ मिल कर कदम से कदम मिला कर दर्शन हेतु आनेवाले श्रद्धालु की सेवा हेतु सहायता शिविर फिरायलाल चौक में लगाया जायेगा एवं मेडिकल कैंप तथा खोया पाया कार्ड भी वितरण किया जायेगा। बैठक का संचालन सागर वर्मा एवं रवि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अमित और हर्ष ने किया। बैठक में बंटी यादव, सुनील यादव, हरीश कुमार, ओम वर्मा, सागर वर्मा, अमित कुमार, हर्ष चटर्जी, बिरेंद्र प्रसाद, सत्यम वर्मा, सक्षम झा, राजेश सिंह, रोशन नायक, अमन साहू, शिवम वर्मा, रोहन, कुमकुम सागर, अभित शुभम इत्यादि उपस्तिथ थे।

# पहले भर्ती, फिर सृजन, नहीं तो ब्लैकआउट करेंगे विद्युतकर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को प्रेस क्लब में हुई। अध्यक्षता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने की। बैठक में सभी एरिया बोर्ड और ट्रांसमिशन जोन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक ऊर्जा विकास निगम 80% रिक्त पदों पर नियमित बहाली नहीं करता, तब तक नये पद सृजित नहीं होंगे। यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरे राज्य में विद्युत कर्मी ब्लैकआउट आंदोलन करेंगे।

### नयी कार्यसमिति गठित

इस अवसर पर अगले दो वर्ष (2025-2027) के लिए नयी कार्यसमिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अजय राय, उपाध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, फलेश्वर महली, मो रजी, उदय मिश्रा, मन्नू भगवान मिश्रा, उदय यादव, प्रधान महासचिव अमित कुमार कश्यप, महामंत्री अमित शुक्ला, कुणाल कुमार सिंह, संगठन मंत्री विकास कुमार, पवन तिवारी, मुकेश साहू, प्रिंस कुमार, संयुक्त सचिव उत्पल दास, आशीष दास, आनंद प्रमाणिक, मो शमी, सुभाष ठाकुर, सुरेंद्र कुमार और कार्यसमिति सदस्य में सुरेश इंदवार, जलील अंसारी, नीलकमल गौतम, जितेंद्र दुबे, राजीव कुमार शुक्ला, दिलीप शर्मा, विद्यासागर, ऋषि कुमार, शाश्वत कुमार, सुनील कुमार, धर्मेंद्र पांडे, गौतम कुमार, वसीर अंसारी, प्रकाश कुमार, मो अनवर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में विजय कुमार सिंह, युसूफ खान शामिल हैं।

# मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के 5वें बैच का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आइआइएम रांची में संचालित नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम के 5वें बैच का सफल समापन हुआ, जो 15-19 सितंबर तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से 44 शिक्षक शामिल हुए।

आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू करने के लिए शिक्षा मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व और प्रबंधन शिक्षा जैसे व्यापक विषय को समझने के लिए 30 घंटे पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन इस छोटे समय में जो प्रभावी और उपयोगी ज्ञान दिया गया है, वह शिक्षकों को अनुभव से समृद्ध कर उन्हें बेहतर नेतृत्वकर्ता बनने की दिशा में मार्गदर्शन करेगा।

कार्यक्रम निदेशक प्रो मनीष बंसल और प्रो कुशाग्र शरण ने प्रशिक्षण के दृष्टिकोण और इसके चार स्तंभों–पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण, गहन विषय ज्ञान, सक्रिय योगदान और क्षमता मूल्यांकन को अपना कर आगे बढ़ने की बात कही।

समापन सत्र में डीन इग्जीक्यटिव एजुकेशन एंड कंसल्टेंसी (इसी) प्रो अमित सचन ने प्रतिभागियों से उनके अनुभव साझा कराये और इस सार्थक पहल को निरंतर जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आइआइएम रांची ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठे बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत की। प्रशिक्षण सत्र 10 से 14 नवंबर तक संचालित होगा। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महालया के साथ राजधानी रांची में दुर्गोत्सव का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या रविवार को सर्व पितृ विसर्जन और महालया के साथ दुर्गोत्सव का आगाज हो गया। अब पूरे नवरात्र श्रद्धा-भाक्ति और उल्लास से भक्तगण मां की आराधना में रमे रहेंगे। सोमवार को नेम-निष्ठा से मंगल कलश स्थापित की जायेगी। साथ ही पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो जायेगा। घरो से निकली भक्ति की स्वरलहरियों से धरा का कोना-कोना गूंजेगा। कहीं दुर्गा तो कहीं रामायण पाठ की धूम रहेगी। मंदिरों में तो खास आयोजन होंगे हीं, पूजा पंडालों का भी अलग आकर्षण रहेगा। अपनी राजधानी में महालया पर सांझ ढलते मां दुर्गा के आगमन का उत्सव प्रार्थना के साथ मनाया गया। दुर्गा बाड़ी, अल्बर्ट एक्का चौक सहित विविध बांग्ला मंडपों में महिषासुरमर्दिनी का विशेष मंचन हुआ। चंडी पाठ के कर्णप्रिय स्वरलहरियों के बीच कलाकारों ने नाट्य और नृत्य के बेजोड़ समायोजन से मनमोहक प्रस्तुति दी। गली-कूचे से लेकर चौक-चौराहो तक पूजा पंडाला आकार ले चुकें हैं। साज-सज्जा का का अंतिम चरण में है। शिल्पकार भी मां सहित सभी देवी-देवताओं मूर्त रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। तैयारी यदि जल्द पूरी हो गयी तो कई पूजा पंडालों के पट चतुर्थी के दिन ही खोल दिए जाएंये। साथ ही भक्ति के मस्ती का उत्साह विजयदशमी तक बना रहेगा।

## पूजो-पूजो गोंधो निये आबार एलो मां... दुर्गा मां

- 80 कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा मन

आजाद सिपाही संवाददाता

### महिषासुरमर्दिनी का जीवंत मंचन



**रांची।** राजधानी में रविवार को महालया के मौके पर यूं तो विविध बांग्ला मंडपो पर महिषासुरमर्दिनी का विशेष मंचन किया गया, लेकिन दुर्गा बाड़ी, अल्बर्ट एक्का चौक की बात कुछ और रही। यहां चंडी पाठ की मधुर स्वरलहरियों के बीच निवेदिता डांस एकेडमी के 80 कलाकारों ने सधे हुए नृत्य और अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कभी तेज तो कभी मद्धिम नाचती रंग-बिरंगी रौशनी के बीच क्षण-प्रतिक्षण बदलती तस्वीरे, पूजो-पूजो गोंधो निये आबार एलो मॉ ...दुर्गा मां से गुंजायमान वातावरण की बानगी ऐसी रही कि दर्शक टकटकी लगाये रहे। नवेदिता डांस एकेडमी की निर्देशिका और प्रसिद्ध नृत्यांगना तृषा तानिया के निर्देशन में लाकारों ने मॉ दक्षायणी का जीवंत मंचन कर दर्शकों को लगभग दो घंटा तक बांधे रखा। संगीमय नाट्य मंचन में दुर्गा की उत्पत्ति, दुर्गा के विविध रूप, आदि शक्ति का विराट रूप और देवताओं को पीड़ा देने वाले दानव के साथ-साथ महिषासुर वध के जीवंत मंचन के क्या कहने। सुमधुर संगीत और लय पूर्ण नृत्य ने पौराणीक कथा को दर्शकों के सामने यथार्थ में बदल डाला। शाम सात बजे सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने कलाकारों और आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुआ भक्ति रस से सराबोर कार्यक्रम का सिलसिला देर शाम तक चला। चंडी पाठ शिवांशु दास गुप्ता, संगीत निर्देशन सुदेशना चौधरी और शंकर मंडल का रहा। संगीतकार सुदेशना चौधरी, सुदीप्ता चक्रवर्ती, मौसमी मल्लिक, कृष्णा सेन गुप्ता, पंपा सेन विश्वास, डब्लू राय की प्रस्तुति को भी सब ने सराहा। सौरव देव ने की-बोर्ड पर खूबसूरती से संगत किया। कार्यक्रम का निर्देशन शिवांशु दास गुप्ता ने किया। चंद्रानी मुखर्जी ने मंच संचालन की जिम्मेवारी बखूबी निभायी। प्रदीप राय बाबू भाई ने बतायाकि बंग समाज में महालया के इस कार्यक्रम में किसी भी रूप में जुड़ पाना मां का आशीर्वाद माना जाता है। इसी भाव से बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। पितृपक्ष की समाप्ति के बाद देवी दुर्गा का आवाहन करते हुए देवी पक्ष और शारदीय नवरात्र के शुभारंभ का संकेत दिया जाता है। बंग समाज में महालया के दिन सूर्योदय के पूर्व ही सभी घरों में आगोमोनी की स्वर लहरियां गूंजती है।

### बिरला हनुमान मंदिर में दुर्गोत्सव शुरू

**रांची।** बिरला हनुमान मंदिर जोड़ा तालाब रोड के रानी बागान प्रांगण में भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। रविवार को महालय पूजा किया गया। सोमवार को कलश स्थापन के साथ नवरात्र के भव्य आयोजन के लिए दुर्गा पूजा समिति ने सभी तैयारियां कर ली है। दुर्गोत्सव के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद पांडेय, किशन भार्गव, आशुतोष, अजय मिश्रा द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ महिलाओं द्वारा आरती की गयी। कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस दौरान भंडारा भी किया जायेग। इस मौके पर मंदिर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, मुख्य संरक्षक दयानंद सिंह, शिशिर कुमार, सतीश शर्मा, रमेश शर्मा, सोनू, मनोज सिंह, खगेश महतो उपस्थित रहे हैं।

# जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पूजा पंडालों का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन के अधिकारियों ने रविवार को औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति रांची के पूजा पंडाल परिसर का द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एसडीएम उत्कर्ष कुमार, सिटी एसपी पारस राणा, ट्रैफिकएसपी राकेश सिंह, आलोक श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार मिश्रा, विमलेश किंडो और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। समिति की ओर से अध्यक्ष समीर सिंह, संरक्षक शंभू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र यादव सह मोंटेसरी केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, बंगाली पूजा समिति धुर्वा के पदाधिकारी, भाव दुर्गा पूजा समिति (बस स्टैंड) के अध्यक्ष अतुल कुमार, मुख्य संरक्षक (महिला दस्त) शीला सिंह, महानगर अधिक दुर्गा पूजा समिति के फोटोग्राफर सूर्यकांत, कोषाध्यक्ष असीम मित्रा, युवा दस्त अध्यक्ष रवि शंकर, नवनीत सिंह, गोपाल, दीपक, यतिन दास, सचिन, बबन यादव, राजन कुमार, डीएन चौधरी, अखिलेश कुमार सिंह, प्रिशयस चौधरी, बिट्टू सिंह, बिना मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, हवाई नगर यूथ क्लब के सदस्य अजय कुमार सिंह राज, मनोज सिंह, चंदन गुप्ता, प्रशांत यादव, टूना यादव, अजय प्रसाद, राजकुमार चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

निरीक्षण टीम ने केंद्रीय पूजा समिति (मोंटेसरी धुर्वा), भव दुर्गा पूजा समिति (दुर्गा बस स्टैंड) बंगाली मैदान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, पंचवटी दुर्गा पूजा समिति, सेक्टर-3 पूजा समिति और जगन्नाथ नगर सार्वजनिक पूजा (सेक्टर-2 राजेंद्र) पूजा समितियों का अवलोकन किया।

# विमानों में तकनीकी खराबी

रेल और बस यात्रा की तुलना में विमान यात्रा को अधिक सुविधाजनक माना जाता है परंतु अब पिछले कुछ समय से विमान यात्राओं में भी अनेक समस्याएं आने लगी हैं। पुरुष यात्रियों द्वारा महिला यात्रियों से छेड़छाड़ और शराब पीकर उल्टी-सीधी बातें करने तथा उत्पात आदि करने के अलावा विमानों के इंजनों में खराबी की घटनाएं लगातार हो रही हैं जिनके पिछले साढ़े 3 महीनों के चंद उदाहरण दर्ज हैं : 4 मई को दिल्ली से शिरडी जा रहे इंडिगो के विमान में शराब के नशे में धुत्त एक यात्री ने एयर होस्टैस से कई बार छेड़छाड़ की। विमान के जयपुर पहुंचने पर यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया गया। 28 जून को फ्लाइट में दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट में शराब पी रहे एक यात्री को जब एयर होस्टैस ने रोका तो यात्री ने माफी मांगने की बजाय उसके साथ छेडखानी और बदतमीजी शुरू कर दी। उसने एयर होस्टैस को गलत तरीके से छुआ। पूरी यात्रा के दौरान वह युवक एयर होस्टैस के साथ बदतमीजी करता रहा और विमान के जयपुर पहुंचने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। 20 अगस्त को इंडिगो के विमान में यात्रा कर रही एक महिला को विमान के को-पायलट ने गलत ढंग से छुआ। 6 सितंबर को 180 यात्रियों और चालक दल के 6 सदस्यों के साथ कोच्चि से अबुधाबी जा रहे इंडिगो के विमान में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण विमान लगभग 2 घंटे हवा में रहा और अंततः उसे वापस कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया तथा यात्रियों को दूसरे विमान से भेजा गया। 11 सितंबर को स्पाइस जैट के दिल्ली से काठमांडू जाने वाले एक विमान के पिछले हिस्से में आग लगने की आशंका के कारण उसे वापस दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। 11 सितंबर को ही कांडला (गुजरात) से मुंबई जा रहे स्पाइस जैट के एक विमान का पहिया टूट कर नीचे गिर गया जिसके परिणामस्वरूप चालक को विमान की एमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी और पायलट की सूझ-बूझ के कारण विमान में सवार 78 यात्रियों की जान बच गयी। 11 सितंबर को ही सिंगापुर जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उसके कैबिन का तापमान अचानक बढ़ जाने के कारण उसे वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। उल्लेखनीय है कि 12 जून, 2025 को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड के भीतर एयर इंडिया के विमान को आग लगने की दुर्घटना में चालक दल के 12 सदस्यों सहित कुल 274 लोगों के प्राण चले गये थे। हालांकि अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के भीषण अग्निकांड के बाद विमानन कंपनियों ने कुछ सुधार किये होंगे, परंतु उसके बाद भी विमानों में तकनीकी खामियां आना जारी है। उक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि आजकल विमान यात्राएं भी अव्यवस्था और कुप्रबंधन का शिकार होती जा रही हैं, जिससे यात्रियों ही नहीं, बल्कि चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखायी देने लगी है।

**घटनाओं से स्पष्ट है कि आजकल विमान यात्राएं भी अव्यवस्था और कुप्रबंधन का शिकार होती जा रही हैं, जिससे यात्रियों ही नहीं, बल्कि चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखायी देने लगी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वडनगर के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी का बचपन ज़िम्मेदारी और सादगी से भरपूर रहा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चैरिटी स्टॉल लगाने से लेकर स्कूली छात्र के रूप में जातिगत भेदभाव पर आधारित नाटक लिखने तक उन्होंने अल्पायु में ही संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सरोकार का अद्भुत मिश्रण प्रदर्शित किया। उन्होंने वंचित सहपाठियों के लिए पुरानी किताबें और वर्दियां इकट्ठा करने के अभियान भी चलाये, जो इस बात का प्रारंभिक संकेत था कि वह नेतृत्व को किसी विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में देखते हैं।**

# नरेंद्र मोदी: राजनीतिक अभिजात वर्ग को चुनौती देनेवाले जननायक



शिवराज सिंह चौहान



भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी के उदय को विशेषाधिकार के पारंपरिक लेंस से नहीं समझा जा सकता। राजनीतिक वंशों में पले-बढ़े अनेक नेताओं के विपरीत, मोदी और उनकी नेतृत्व शैली जमीन से उभरी है, जिसने उनके संघर्ष, वर्षों से जमीनी स्तर पर किये गये कार्यों और सरकार के विभिन्न स्तरों पर प्राप्त व्यावहारिक अनुभवों से आकार लिया है। उनका करियर मात्र एक व्यक्ति के उत्थान को ही प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि यह भारत में अभिजात वर्ग द्वारा संचालित राजनीति की नींव के लिए एक चुनौती भी है।

वडनगर के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी का बचपन ज़िम्मेदारी और सादगी से भरपूर रहा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चैरिटी स्टॉल लगाने से लेकर स्कूली छात्र के रूप में जातिगत भेदभाव पर आधारित नाटक लिखने तक उन्होंने अल्पायु में ही संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सरोकार का अद्भुत मिश्रण प्रदर्शित किया। उन्होंने वंचित सहपाठियों के लिए पुरानी किताबें और वर्दियां इकट्ठा करने के अभियान भी चलाये, जो इस बात का प्रारंभिक संकेत था कि वह नेतृत्व को किसी विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में देखते हैं। इन छोटे-छोटे प्रयासों ने उनके द्वारा सार्वजनिक जीवन में अपनाये जाने वाले दृष्टिकोण का पूर्वाभास करा दिया। उनकी मूलभूत प्रवृत्तियां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में और भी प्रखर हुईं, जहां साधारण कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों से घुलने-मिलने, उनके जैसा जीवन व्यतीत करने और अपने आचरण के जरिए उनका विश्वास अर्जित करने का प्रशिक्षण दिया जाता था। एक युवा प्रचारक के तौर पर मोदी ने बिल्कुल वैसा ही किया। अक्सर बस या स्कूटर से गुजरात भर में यात्रा करते हुए और भोजन एवं आश्रय के लिए ग्रामीणों पर निर्भर रहते हुए उन्होंने साझा कठिनाइयों और संघर्षों के माध्यम से सभी वर्गों का विश्वास अर्जित किया।

**नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद गुजरात में किये गये प्रयोग राष्ट्रीय आदर्श बन गये।**

इस अनुशासन ने उन्हें उन लोगों के रोजमर्रा के सरोकारों से जुड़े रहने में मदद की, जिनकी वे सेवा करना चाहते थे और इसी ने उन्हें संकटकाल में संगठित, बड़े पैमाने पर कदम उठाने की आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने के लिए भी तैयार किया।

ऐसा ही एक संकट 1979 में मच्छू बांध के टूटने से आया था, जिसमें हजारों लोग मारे गये थे। 29 वर्षीय मोदी ने तुरंत स्वयंसेवकों को पालियों में संगठित किया, राहत सामग्री का प्रबंध किया, शवों को निकाला और परिवारों को सांत्वना दी।

कुछ साल बाद गुजरात में सूखे के दौरान उन्होंने सुखड़ी अभियान का नेतृत्व किया, जो पूरे राज्य में फैल गया और लगभग 25 करोड़ रुपये मूल्य का भोजन वितरीत किया गया। दोनों ही आपदाओं में उन्होंने बिल्कुल आरंभ से ही बड़े पैमाने पर राहत प्रयास शुरू किये, जिससे उनके उद्देश्य की स्पष्टता, उनके सैन्य-शैली के संगठन और उनका इस आग्रह का परिचय मिला कि नेतृत्व का अर्थ केवल प्रतीकात्मकता नहीं, बल्कि सेवा है।

इन शुरुआती घटनाओं ने जहां एक ओर लोगों को संगठित करने की उनकी क्षमता को परखा, वहीं आपातकाल ने दमन के दौर में उनके साहस की परीक्षा ली। मात्र 25 वर्ष की आयु में एक सिख के वेश में उन्होंने पुलिस निगरानी से बचने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवाद कायम रखा। इस जमीनी नेटवर्क ने क्रूर शासन के विरुद्ध प्रतिरोध को जीवित रखा, जिससे उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में ख्याति मिली।

इन्हीं कौशलों का उपयोग जल्द ही चुनावी राजनीति में भी किया गया। भाजपा-गुजरात के संगठन मंत्री के रूप में उन्होंने पार्टी का विस्तार नये समुदायों तक किया, जिनमें राजनीतिक विमर्श में हाशिए पर पड़े लोग भी शामिल थे। उन्होंने विविध पृष्ठभूमियों के नेताओं को तैयार किया, जमीनी स्तर पर समर्थन जुटाया और पूरे गुजरात में लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ-अयोध्या रथ यात्रा जैसे बड़े आयोजनों की योजना बनाने में मदद की। बाद में विभिन्न राज्यों के प्रभारी के रूप में उन्होंने बूथ स्तर तक मजबूत पार्टी तंत्रों का निर्माण किया।

साल 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने पर उन्होंने ये सबक शासन में लागू किये। उदाहरण के लिए पदभार ग्रहण करने के चंद घंटे बाद ही उन्होंने साबरमती में नर्मदा का जल लाने के विषय में एक बैठक बुला कर इस बात का संकेत दिया कि निर्णायक कार्रवाई उनके प्रशासन को परिभाषित करेगी। उनका दृष्टिकोण शासन को एक जन आंदोलन बनाना था, जहां प्रवेशोत्सव ने स्कूलों में नामांकन को प्रोत्साहित किया, कन्या केलवणी ने बालिकाओं की शिक्षा का समर्थन किया, गरीब कल्याण मेलों ने कल्याण को नागरिकों तक पहुंचाया, और कृषि रथ ने कृषि सहायता को किसानों के खेतों तक पहुँचाया। नौकरशाहों को दफ्तरों से निकालकर कस्बों और गांवों तक भेजा गया। उनका मानना है कि शासन लोगों तक वहां पहुंचे जहां वे रहते हैं, न कि केवल मीटिंग कक्षों तक सीमित रहे।

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद गुजरात में किये गये प्रयोग राष्ट्रीय आदर्श बन गये।

स्वच्छता अभियानों के उनके अनुभव ने स्वच्छ भारत मिशन का रूप लिया, जहां उन्होंने प्रतीकात्मकता को सामूहिक कार्रवाई में बदलने के लिए स्वयं झाड़ू उठाई। डिजिटल इंडिया, जन-धन योजना और अन्य पहल शीर्ष से शुरू किये गये कार्यक्रम नहीं थे, बल्कि जमीनी स्तर पर बिताये उनके वर्षों से प्राप्त सीखों पर आधारित जन-आंदोलन थे। इन्होंने जन-भागीदारी के उनके दर्शन को मूर्त रूप दिया, जहां शासन तभी कारगर होता है, जब नागरिक निष्क्रिय प्राप्तकर्ता न बने रह कर, स्वयं भागीदार बनें। मोदी जैसे नेता और जनता के बीच दशकों से विकसित इसी विश्वास ने आज के भारत में नीति को साझेदारी में बदल दिया है।

दशकों से मोदी बैठकों में होने वाली बहसों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जीवंत संपर्क की बदौलत लोगों की जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने के तरीकों को जानने की दुर्लभ सहज प्रवृत्ति प्रदर्शित करते आए हैं। यह प्रवृत्ति कठोर प्रशासनिक अनुभव के साथ मिल कर उनकी राजनीति को परिभाषित करती है। मूलभूत रूप से उनके जीवन और नेतृत्व ने भारतीय राजनीति के केवल अभिजात वर्ग से संबद्ध होने की धारणा को नये सिरे से परिभाषित किया है।

वह योग्यता और परिश्रम का प्रतीक बन चुके हैं तथा वह शासन को जनसाधारण के और करीब ले आये हैं। उनकी राजनीतिक शक्ति सत्ता को जनता से जोड़ने में निहित है। ऐसा करके, उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नया रूप दिया है, जो आम नागरिक के संघर्षों और भावनाओं पर आधारित है।

**(लेखक : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### पूर्व मध्य क्षेत्र बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी और महासचिव त्रिनाथ डोरा बने



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य क्षेत्र बीमा कर्मचारी संघ का दो दिवसीय सातवां त्रैवार्षिक सम्मेलन बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रविवार को दो दिवसीय सम्मेलन के समापन में बिहार, झारखंड और ओडिशा से आये करीब 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कॉ प्रदीप मुखर्जी को अध्यक्ष, कॉ त्रिनाथ डोरा को महासचिव और कॉ साधन मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कॉ सुकान्तो शर्मा को जमशेदपुर मंडल से संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री कॉ श्रीकांत मिश्रा ने युवाओं से संगठन की मुख्यधारा में जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर अमित माइती, सुभाष कर्ण सहित जमशेदपुर मंडल के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### शिविर में 160 यूनिट रक्त संग्रह



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में क्रॉस लिमिटेड कंपनी द्वारा दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रविवार को शिविर का उद्घाटन कंपनी के निदेशक कुणाल राय ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। इस अवसर पर जीएम (एचआर) रमाकांत गिरी,सचिव देबोलीना, क्वालिटी एश्योरेंस जीएम पवन मेहर, एचआर मैनेजर राजेश प्रधान सहित कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। मौके पर कंपनी के जीएम (एचआर) रमाकांत गिरी ने बताया इस बार 160 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जो कर्मचारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। शिविर में वीवीडीए की ओर से सुनील मुखर्जी, कमल कुमार और उनकी टीम ने भी सहयोग किया।

### पीएम के संबोधन से स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत को मिली मजबूती : राजेश शुक्ल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश कुमार शुक्ल ने सराहना की। श्री शुक्ल ने कहा इससे स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती मिली है।श्री शुक्ल भाजपा विधि एवं कानून विभाग के प्रदेश संयोजक भी हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में लाये गये नये स्वरूप से मध्यम वर्ग और नए मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत मिलेगी। जो त्योहारों के इस मौसम में एक स्वागतयोग्य कदम है।उन्होंने यह भी कहा आयकर में 12 लाख तक की छूट की घोषणा से आम जनमानस को उम्मीद के अनुरूप राहत मिली है। दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ जैसे पर्वों के अवसर पर यह निर्णय भारत सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है।

## हर घर कॉपी, हर हाथ कलम अभियान के दूसरे चरण में सैकड़ो बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**हर घर कॉपी,हर हाथ कलम अभियान स्व.रामदास सोरेन के सपनों को साकार करने की दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत कदम : कुणाल षाड़ंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व.रामदास सोरेन की स्मृति में शुरू हुई 'हर घर कॉपी, हर हाथ कलम' अभियान का दूसरा चरण बाडीडीह भोजपुर कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रविवार को अभियान में मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, बच्चों और झामुमो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली। मौके पर मुख्य अथिति के द्वारा सैकड़ो बच्चों के बीच कॉपियां, कलम और अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा शिक्षा को लेकर की जा रही इस पहल की भूरि-भूरि सराहना की। स्थानीय लोगों ने इसे झारखंड के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी कहा स्व.रामदास सोरेन का सपना था झारखंड का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यह अभियान उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत कदम है। इसे गांव-गांव,बस्ती-बस्ती तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संयोजक अंकित सिंह ने भावुक होते हुए कहा स्व. रामदास सोरेन सिर्फ एक जननेता नहीं, बल्कि शिक्षा के सच्चे प्रहरी थे। उन्होंने हमेशा झारखंड के बच्चों का उज्ज्वल भविष्य के लिए सपना देखा। उनका जाना हम सबके लिए व्यक्तिगत क्षति है। लेकिन उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया यह अभियान शहर से लेकर दूरदराज के गांवों तक ले जाया जायेगा, ताकि शिक्षा एक जन-आंदोलन का रूप ले सके। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सागेन पूर्ति, पूर्व नगर अध्यक्ष दलगोविंद लोहरा, झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन, अरुण सिंह राजा, विष्णु प्रधान, डी रवि, रोहित लोहरा, प्रहलाद लोहरा, आशीष मिश्रा, प्रीतम हेम्ब्रम, शुभम कुमार, अभय पांडे, राकेश दास,विष्णु नाग सहित कई झामुमो कार्यकर्ता, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'हो समाज' की बैठक में सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के गोपालपुर पंचायत अंतर्गत पांचपांडव मे 'हो समाज' की बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति एक बार फिर मजबूत जनसमर्थन देखने को मिला। रविवार को बैठक में पूर्व विधायक स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर स्थानीय महिलाओं ने मुख्य अतिथि सोमेश चंद्र सोरेन का सामाजिक के रीति रिवाज से स्वागत किया। इस अवसर पर जितेन पुर्ती के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू की अगुवाई में झामुमो की सदस्यता ली। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सोमेश सोरेन के समक्ष रखीं। उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन मिला। साथ ही ग्रामीणों ने भावुक होकर कहा वे आगामी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी की जीत के लिए तन-मन-धन से जुटेंगे। ताकि स्व. रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि दे सके।बैठक में कान्हू सामंत, कालीपद गोराई, काजल डॉन, सोनाराम सोरेन, सुशील मार्डी, रूपेश सोरेन, सौरभ बॉस, प्रकाश निषाद, अंकुर कवाड़ी सहित कई कार्यकर्ता सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में भव्य श्रृंगार और पूजा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के ईस्ट प्लांट बस्ती स्थित श्री श्री दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में आश्विन अमावस्या के अवसर पर मां काली का भव्य श्रृंगार और विशेष पूजा का आयोजन किया गया। रविवार को अमावस्या के दौरान पूजा में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया। मंदिर कमिटी अध्यक्ष गलविंदर सिंह ग्वाले ने बताया मंदिर में हर अमावस्या को मां काली की विशेष पूजा की जाती है। खासकर नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व की अमावस्या पर पूजा का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। मौके पर छोटू पाल, राजीव कुमार झा, उमाशंकर बेरा, हरिशचंद्र प्रसाद, दुगानंद दुबे सहित कई सदस्यों ने योगदान दिया।

### महालया पर बंग बंधु संस्था ने 'प्रतिमां वंदन' कार्यक्रम का किया आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** महालया के अवसर पर सामाजिक संस्था बंग बंधु के द्वारा टेल्को सबुज कल्याण संघ में 'प्रति मां वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को संस्था के शुभंकर चटर्जी, अपर्णा गुहा, उत्तम गुहा, प्रकाश मुखर्जी, अशोक दत्ता, मिथिलेश घोष, पूरबी घोष, सूर्य मुखर्जी, सेवाव्रती नील संघ के निशित गिरी, श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र सत्संग युवा संघ के राम प्रसाद संतरा और अजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से देवी माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर शहर की सुप्रसिद्ध नृत्यांगनाओं ने देवी की गीतों पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। मौके पर देवांजलि राय चौधरी ने बाजलों तोमार आलोर बेनु, अरुणिमा पाठक व अरुणीता मोहंती ने ढाक बाजा, कसार बाजा, इशिका बिस्वास ने साजो साजो देश बुजा तथा अन्वेषा बरुआ ने आइगिरी नंदिनी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। वही सुमोना ने भक्ति गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान बंग बंधु संस्था के द्वारा वृद्धाश्रम की 30 माताओं को नव वस्त्र, उपयोगी सामग्री एवं मध्यान्ह भोजन प्रदान किया गया। मौके पर प्रणव सरकार, उत्तान मुखर्जी, टुबलु राय चौधरी, प्रणव बड़ाट, रामकृष्ण, बाबूलाल चक्रवर्ती, नवनीता पात्र, शिला बनिक, रूपा सरकार, ओम प्रकाश बनर्जी, रत्ना पात्रा, अंजना दत्ता, सौरभ चटर्जी, शुभ्रता बरुआ, रंजना डे, जयति चटर्जी, सरबानी नंदी, सुभाष सिंहराय,अंजना चंदों,बुलबुल घोष,सुरभि घोष, अशोका दत्ता सहित सैकड़ो सदस्य शामिल रहे।

### जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता: मंगल कालिंदी



**जुगसलाई (आजाद सिपाही)।** झामुमो जुगसलाई नगर परिषद कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक नसीम मैरिज हॉल में आयोजित की गयी। रविवार को बैठक में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि हिदायतुल्लाह खान ने शिरकत की। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यकताओं ने क्षेत्र में तीव्र गति से हो रहे कार्यों को लेकर विधायक मंगल कालिंदी का अभिनंदन व सम्मान किया। विधायक ने कहा क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। श्री कालिंदी ने कहा राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क,बिजली,पानी सहित क्षेत्रों में अन्य व्यापक विकास कार्य तेजी से हो रही हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि आम लोग अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता लालतू महतो, नगर परिषद अध्यक्ष मो. जमील, नौसाद आलम, मो समद, मुस्तफा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### एसडीएम और एसडीपीओ ने बरडीहा क्षेत्र का किया संयुक्त भ्रमण

# त्योहारों में उदंडता करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम

- थाना स्तर के विधि व्यवस्था मामलों की समीक्षा की, दिया कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने रविवार को मझिआंव एवं बरडीहा क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण किया। दुर्गापूजा एवं अन्य त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था से जुड़े मामलों की स्थानीय पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए पिछले वर्ष के मामलों को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। बरडीहा थाना परिसर में बैठक कर विधि व्यवस्था से जुड़े संभावित विषयों पर चर्चा की। इसमें एसडीएम और एसडीपीओ के अलावा सीओ राकेश सहाय, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार और थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार के अलावा प्रखंड और पंचायत स्तर के स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से भी विधि व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा की एवं उनकी राय ली। साथ ही शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले या सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को प्रथम चरण में ही सख्ती से निपटते हुए कार्रवाई करें। कहा कि सभी प्रखंड, अंचल और थाना के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर अपने-अपने स्तर पर पूरी सजगता से कर्तव्य का निर्वहन करें। किसी भी अवांछित, अप्रत्याशित या अपरिहार्य स्थिति में अविलंब वरीय पदाधिकारियों को सूचित करेंगे। एसडीएम में बरडीहा वासियों को दुर्गापूजा, दशहरा एवं अन्य पर्वों की अग्रिम शुभकामनाएं दी।



क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से रू-ब-रू होते एसडीएम एवं एसडीपीओ।

# स्कूली क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए व्यापक योजना पर चल रहा काम : राघवेंद्र नारायण सिंह

गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की पहली वार्षिक आमसभा का आयोजन

- युवाओं के भविष्य को संवारने को लेकर लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक आमसभा की पहली बैठक रविवार को चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में हुई। जिसकी अध्यक्षता गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एवं अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिवादन करते हुए बैठक के महत्व और एजेंडे पर प्रकाश डाला। इस दौरान नये सदस्यों का स्वागत करने के साथ ही उन्हें नयी जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी। इससे पहले बैठक की शुरूआत नव-नियुक्त सदस्यों के परिचय से हुई। इस अवसर पर चंदन कश्यप एवं धर्मेन्द्र कुमार को सर्वसम्मति से जिला क्रिकेट संघ का प्रवक्ता नियुक्त किया गया।




## गढ़वा प्रीमियर लीग का आयोजन

एजेंडा क्रमांक दो के तहत इस वित्तीय वर्ष में गढ़वा प्रीमियर लीग का आयोजन कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष डॉ पंकज प्रभात ने इसकी रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि चाहे जैसे भी हो, इस वर्ष गढ़वा प्रीमियर लीग का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

## स्कूली खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक पहल

जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने स्कूली क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक योजना पेश की। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में गढ़वा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के लिए अंडर-14, अंडर-15 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगीं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी, जिसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान डॉ शमशेर सिंह एवं रवि दुबे सहित कई सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सुझाव दिया कि अनुमंडल स्तर पर बालक एवं बालिका अंतर-विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी कराई जानी चाहिए। वहीं, प्रतियोगिताओं को पारदर्शी एवं सफल बनाने के लिए आयोजन समिति, खेल पारदर्शिता समिति, तकनीकी समिति एवं प्रायोजन समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गढ़वा जिला क्रिकेट संघ का स्थायी मैदान चिन्हित करने के लिए जिला प्रशासन से शीघ्र लिखित अनुरोध किया जाएगा। इस कार्य के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया। इस मौके पर सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, डॉ पंकज प्रभात, रेखा चौबे, अधिवक्ता रवि दुबे, गौरव सिंह, राजा सिंह, डॉ समशेर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, अजय कांत, विकास पांडे, राजेश पांडे और रवि सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में 23 को ग्रांड डांडिया गरबा नाइट का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 23 सितंबर को ग्रांड डांडिया गरबा नाइट का आयोजन होने जा रहा है। इसकी जानकारी निदेशक अनूप सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बूढ़े-बच्चे-महिलाएं आदि आकर इसका आनंद ले सकेंगे। इस कार्यक्रम में कई तरह के मनमोहक नृत्य, गान और वंदना आदि का आयोजन होगा। कार्यक्रम में आम लोगों का आगमन भी स्वीकार्य है। इसमें पश्चिम बंगाल से कलाकार गुरु अमृता दास एंड ट्रूप आ रहा है। लोगों के लिए पास की व्यवस्था की गयी है। बताया गया कि विद्यालय की ओर से इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है।

# परीक्षा में शामिल हुए 992 नवसाक्षर, 72 और 64 साल के बुजुर्ग बने चर्चा का विषय

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से रविवार को भवनाथपुर प्रखंड के सभी नव पंचायतों में नवसाक्षरों के लिए बुनियादी सह आंकलन जांच परीक्षा आयोजित की गई। इसके सफल आयोजन को लेकर प्रखंड समन्वयक सह केआरपी अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 942 नवसाक्षर शमिल हुए। जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला और पुरुष शामिल थे। परीक्षा का उद्देश्य नवसाक्षरों की शिक्षा स्तर का आंकलन करना और उनके ज्ञान को और सुदृढ़ करना है। पंचायत स्तर पर एक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रत्येक केंद्र का संचालन संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक केंद्राधीक्षक के रूप में थे। वहीं, परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये थे। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों और संबंधित कर्मियों जेएसएलपीएस की बहनों एवं साक्षरता के कर्मी वीटी, सीआरपी, जनप्रतिनिधि ने सहयोग किया। परीक्षा में बिरसानगर मकरी बरबारी के विंध्याचल यादव (72), रामेश्वर यादव (64) भी शामिल हुए। बतातें चलें कि प्रखंड में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गये थे। सभी केंद्र मिलकर परीक्षा में कुल 992 नव साक्षर शामिल हुए। परीक्षा का संचालन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह सचिव विजय पांडेय, बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता, सभी सीआरपी एवं प्रखंड समन्वयक केआरपी अरविंद कुमार तिवारी ने किया।



## कांडी प्रखंड मुख्यालय में वाहन स्टैंड और शौचालय का अभाव

**कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से लोग परेशान हैं। यहां वाहनों को खड़ा करने के लिए किसी भी प्रकार के वाहन स्टैंड की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण सड़कों पर ही हजारों गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है, वहीं यात्रियों के आवागमन में भी भारी दिक्कतें आती हैं। बताते चलें कि कांडी प्रखंड मुख्यालय आसपास के लगभग 20 गांवों का प्रमुख बाजार है। यहां थाना, बैंक और ब्लॉक से संबंधित कार्यों के अलावा दैनिक जरूरत की वस्तुएं खरीदने के लिए प्रतिदिन हजारों लोग पहुंचते हैं। यही नहीं, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले यात्री भी कांडी होकर ही गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। सबसे बड़ी चिंता है कि इतनी भीड़ और यात्रियों की आवाजाही के बावजूद प्रखंड मुख्यालय में न तो वाहन स्टैंड ना ही शौचालय की सुविधा है।**

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ी करेंगे हुनर का प्रदर्शन, पंजीयन 23 से शुरू

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड एवं एसजीएफआई के तहत होने वाले राज्य स्तरीय खेलो को लेकर 23 एवं 24 सितंबर को खूली चयन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने दो दिवसीय पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन किया है। पंजीयन पुराना समाहरणालय परिसर के सर्वशिक्षा अभियान कार्यशाला में आयोजित होगी। इसकी जानकारी देते हुए अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीपक अग्रवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसमें वॉलीबॉल (अंडर-14), बास्केटबॉल (अंडर-14, 17, 19), योगा (अंडर-14, 17, 19), भारोत्तोलन (अंडर-17, 19), कबड्डी (अंडर-14, 17, 19), गदका (अंडर-17, 19), निशानेबाजी, बैडमिंटन (अंडर-14, 17, 19) और एथलेटिक्स (अंडर-14, 17, 19) जैसे खेल शामिल हैं। इसके लिए झारखंड समग्र शिक्षा अभियान के परियोजना सहायक रविंद्र कुमार चौबे को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जिनसे प्रतियोगिता के संदर्भ में किसी भी तरह की जानकारी के लिए अभ्यर्थी संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और प्रतिभाओं को आगे लाना है।

## भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रबुद्ध व्यक्ति सम्मेलन का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यालय में रविवार को प्रबुद्ध व्यक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कई प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित भी किया गया। वहीं, अपने संबोधन में कार्यक्रम प्रभारी श्याम नारायण दुबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री का जीवन जनसेवा का केंद्र रहा है। वह दूसरों के उत्थान के लिए काम करते हुए आगे बढ़े हैं। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा भावना से साल भर काम करते हैं। भाजपा दुनिया का पहला संगठन है जो राष्ट्र हित में काम करता है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि टिंकु गुप्ता ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद घुरन राम, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा नेता वीरेंद्र दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, संजय ठाकुर, राजकुमार मधेशिया, विनय चौबे, डॉ पतंजलि केशरी, ओंकार तिवारी, अजय तिवारी, बिनोद जायसवाल, रुपू महतो, अनसाद बाबू, नसरुद्दीन अंसारी और ब्रजेश उपाध्याय आदि थे।

## मिलजुल कर मनायें दुर्गापूजा का त्योहार : एसडीओ

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** दुर्गापूजा को लेकर श्री बंशीधर नगर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. जिसमें उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं पूजा समिति के लोगों ने बारी-बारी से जानकारी दी एवं अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष साझा किया। वहीं, पूजा समिति के लोगों को प्रशासन ने हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। कहा कि दुर्गापूजा के अवसर पर किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने वाली कमेटी अश्लीलत गानों पर विशेष ध्यान रखें अन्यथा प्रशासन कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। एसडीओ ने कहा कि पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर विशेष नजर रहेगी। लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है, अफवाह फैलाने वाले की सूचना प्रशासन को तत्काल हैं।

## करंट लगने से दो घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दो अलग-अलग जगहों पर करंट लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने उन्हें भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार और प्रिंस कुमार ने उपचार किया गया। पहली घटना झगराखांड में हुई जहां गीता देवी पारस गांव के ही नाथ ठाकुर घर के आंगन में घास की सफाई कर रही थी। आंगन में बिजली का तार टूट कर गिरा था, जिसकी चपेट में आकर घायल हो गयी। वहीं, दूसरी घटना खरौंधी थाना क्षेत्र के सुंडी गांव में हुई। जहां रामप्रीत राम (60) नामक वृद्ध धान पटाने के लिए नंगे पांव बिजली के पोल पर चढ़ रहे थे। पर लकड़ी गीली होने के कारण उसमें करंट आ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये।

# स्कूली बच्चों के बीच अंगदान विषय पर सेमिनार का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह के छठे दिन स्कूली बच्चों के बीच अंगदान पर सेमिनार, पेंटिंग एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में हुआ। पेंटिंग एवं लेखन प्रतियोगिता में अच्छे पेंटिंग-लेखन के लिए, प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापूरी ने अंगदान के महत्व को विस्तार से बताया। कहा कि मरने के बाद शरीर को जलाया या दफनाया जाता है। अगर मरने के बाद शरीर के अंग दान कर दिये जाए तो मेडिकल स्टूडेंट को कई तरह के लाभ मिलेंगें। इसके अलावे किडनी, लिवर, आंख लंग्स आदि की बीमारी से ग्रसित होंगें उन्हें मरणोपरांत अंग दान कर नया जीवन दे सकते हैं। इसलिए अंगदान का बढ़ावा देने के लिए हम जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वहीं, पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व फेड पदाधिकारी मनोज केशरी ने कहा कि रक्तदान भी दान दिया जाता है। कमेटी के सदस्य विजय केशरी ने कहा कि रक्तदान के लिए अधिक से अधिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्कता है। क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। पूर्व फेड अध्यक्ष मदन केशरी ने कहा कि आंख की कॉर्निया दान करने से बहुत लोगों की जिंदगी में रौशनी ला सकते हैं। देश में करोड़ों लोग हैं जो कॉर्निया के बिना अंधापन की जिंदगी जी रहे हैं। उन्हें हम मरणोपरांत आंख दान कर देश से अंधापन मिटाने में सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कमलेश गुप्ता एवं अशोक विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे। मौके पर अशोक केशरी, रवींद्र केशरी, मनोज केशरी, उपाध्यक्ष चंद्र भूषण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संवाद का आयोजन, परीक्षा परिणाम जारी



**मझिआंवा (आजाद सिपाही)।** उंचरी के आरके पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक मिलन के साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं संरक्षकों ने विद्यालय में उपस्थित होकर अपने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं देखीं और प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। प्रधानाचार्य केआर झा ने हाल ही में संपन्न गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही आगामी महीनों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया। वहीं, विद्यालय के निदेशक, प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं लोकप्रिय समाजसेवी अलख नाथ पांडेय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों की संगति पर ध्यान देने, पोषक आहार देने, आत्म-अध्ययन को बढ़ावा देने, बाइक चलाने से रोकने, मोबाइल के सीमित उपयोग की निगरानी करने एवं उन्हें प्रतिदिन खेल मैदान में भेजने की सलाह दी, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। निदेशक ने यह भी बताया कि जल्द ही विद्यालय में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से युक्त एक प्ले स्कूल का उद्घाटन किया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पंजीकरण अक्टूबर से प्रारंभ होगा। उधर, अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

### हर्षोल्लास से मना मिशन मध्य विद्यालय का 46वां वार्षिकोत्सव

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है : दिलीप तिर्की

**आजाद सिपाही संबाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मिशन मध्य विद्यालय का 46वां वार्षिकोत्सव रविवार को विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति निदेशक दिलीप तिर्की, उनकी पत्नी एवं भंडरिया की उप प्रमुख श्रद्धा देवी, क्रिस्टफर तिर्की और पुरोहित अलेक्सियुस गुड़िया ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के आरंभ में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, प्रधानाध्यापक जेम्स कुजूर ने वार्षिकोत्सव अवसर पर विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने शिक्षा, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं सामाजिक योगदान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप तिर्की ने अपने संबोधन में विद्यालय के निरंतर विकास और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई कर जीवन में सफलता अर्जित करने का संदेश दिया। वहीं, पादरी अलेक्सियुस गुड़िया ने विद्यालय, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए प्रभु यीशु से प्रार्थना की। जबकि विशिष्ट अतिथि एवं भंडरिया उप प्रमुख श्रद्धा देवी ने कहा कि मिशन मध्य विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव की बधाई दी और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाटक जैसी विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी दर्शकों ने जमकर सराहना की। इससे पूर्व वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर विद्यालय परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसका उद्घाटन भंडरिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान ने किया था। समारोह में खेल कुद प्रतियोगिता में प्रथम, दूसरे और तीसरा स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन तिमुथियुस कुजूर और जेम्स ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर केश्वर केरकेट्टा, अतित मधुर तिर्की, लॉरेंस कुजूर, लक्ष्मण उरांव, विनीत तिग्गा, रॉबिंसन कच्छप, पूनम, संगीता कुजूर, कांति मिंज, श्रवन ठाकुर, रसना कच्छप, नमिता कच्छप आदि मौजूद रहे।




## अवधूत भगवान राम आश्रम की धूमधाम से मना स्थापना दिवस

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अवधूत भगवान राम आश्रम का 65वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भवनाथपुर स्थित अवधूत भगवान राम आश्रम से प्रभात फेरी निकाली गई। जो आश्रम से शुरू हुआ जो भवनाथपुर बस्ती से टाउनशिप चौक, बाजार होते हुए पुनः आश्रम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान आश्रम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आश्रम परिसर की साफ-सफाई के बाद विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह एवं मंत्री अनिरुद्ध राम उर्फ बुचूल राम ने संयुक्त रूप से आश्रम परिसर में ध्वजरोहण किया। साथ ही लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आश्रम के सुनील सिंह, पपन सिंह,अरुण चौधरी, सत्येंद्र सिंह, बसंत चंद्रवंशी, प्रमोद बैठा, रविकांत सिंह, जवाहिर सिंह, चंद्रधन गुप्ता, गया बैठा, उपेंद्र सिंह, आनंद यादव आदि उपस्थित थे।

## तस्करी को ले जा रहे सखुआ के 30 चौखट सहित वाहन जब्त

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया वन विभाग के वनकर्मियों की टीम ने शुक्रवार की देर रात भंडरिया वन क्षेत्र के बैरिया से बोलेरों वाहन से तस्करी के लिए ले जा रहे सखुआ के 30पीस चौखट सहित वाहन को जब्त कर लिया। वनपाल कमलेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात वन कर्मियों की एक टीम गश्ती के लिए निकली थी। इसी दौरान इंदिरा गांधी चौक से एक बोलेरो वाहन पर सखुआ का चौखट ले जाते देखा गया। हम वनकर्मियों ने उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर भागने लगा। इस पर करीब लगभग 10 किलोमीटर तक पीछा किया गया। हालांकि वाहन चालक बैरिया गांव मे वाहन छोडकर फरार हो गया। जिस९क बाद वाहन सहित लकड़ी को जब्त कर भंडरिया वनविभाग लाया गया। पता चला है कि उक्त वाहन बडगड थाना क्षेत्र के मदगडीच गांव निवासी असलम अंसारी की है। जबकि लकड़ी की कीमत एक लाख रुपये बतायी जा रही है। वहीं, छापामारी टीम में वनरक्षी उपेंद्र कुमार, शुभम दुबे, तुषार कुमार, रोशन कुमार और अंकित शामिल थे।

## सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** परिषदन भवन में पलामू सांसद विष्णु दयाल के निर्देश पर गढ़वा जिला खेल संघ के पदाधिकारी के साथ सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिले के सभी क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पलामू के सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, मेदिनीनगर से चलकर आए हुए खेल संघ के पदाधिकारी सनत चटर्जी, प्रसनजीत बनर्जी, सुमित बरमन, गढ़वा जिला खेल संघ के रामाशंकर सिंह, सत्येंद्र यादव, जेम्स बाड़ा आदि उपस्थित रहे।

## बस और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, एक गंभीर

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र के कारो नदी पुल पर रविवार को मंत्री नामक शत्री बस और बाइक की सीधी भिड़ंत में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी, जबकि बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कामडारा थाना क्षेत्र के हाफू कजरा निवासी जयमसीह बरला के रूप में हुई है। घायल युवक खूंटी पलगी के अकता गांव का रहने वाला मंगल उरांव है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से अकता से बसिया जा रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मंत्री नामक नन स्टॉप यात्री बस से बाइक की सीधी टक्कर हो गयी। हादसे में जयमसीह की मौके पर ही मौत हो गयी।, घायल मंगल को रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक सिंह और एसआई अमरेंद्र मंडल घटनास्थल पर पहुंचे और बस और बाइक को जब्त कर लिया।

# मोदी सरकार से पहले हम दूसरे देशों के पास हाथ फैलाते थे, अब हम उनकी मदद करते हैं: नीलकंठ

2014 से पहले देश की हालत काफी दयनीय थी, लेकिन अब हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्य के पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार के पहले हम दूसरे देशों से सहायता मांगते थे, अब हम उनकी मदद कर रहे हैं। 2014 से पहले देश की हालत काफी दयनीय थी, लेकिन अब हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। मुंडा रविवार को जिला भाजपा कार्यालय प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षाविद, समाजसेवी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध जनों का मार्गदर्शन समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से पहले देश की हालत काफी खराब थी। हमें हाथ फैला कर दूसरे देशों से मदद मांगनी पड़ती थी, लेकिन केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अब हम दूसरे देशों को मदद भी करते हैं और अपने बल और शौर्य से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब भी देते हैं। कोरोना काल में जरूरतमंद देशों को मुफ्त वैक्सीन भी देने का काम हमने किया। उन्होंने कहा कि वोकल फोर लोकल अपना कर हम देश को आर्थिक रूप से नंबर वन बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। मोदी जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को व्यावहारिक रूप से धरातल पर उतार कर देश को नयी दिशा दी है। उन्होंने चंद्रयान-3, जी-20 की अध्यक्षता और आत्मनिर्भर भारत अभियान को उनके दूरदर्शी नेतृत्व का मिसाल बताया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राकेश भास्कर ने राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह पहल न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है। मंच संचालन जिला महामंत्री संजय साहू और धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा देवी ने किया।

कार्यक्रम में राजकुमार गुप्ता, भीम सिंह मुंडा, किशोर गौंझू, गिरीश जायसवाल, मदन मोहन मिश्रा और बासमती देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की।

मौके पर अशोक गुप्ता, अशोक भगत, प्रमोद गुप्ता, राजेंद्र प्रजापति, सुनील गुप्ता, मुसाफिर विश्वकर्मा, रघु राम, जीतबहन महतो, राम बिहारी लाल, गंदौरी गुड़िया, सीमा देवी, रूकमिला सारू, नूतन देवी, धूपमनी देवी, बासमती देवी, बिमला देवी, प्रीति देवी, पूनम भेंगरा, श्याम सोनी, योगेंद्र नायक, मदन मोहन गोप, सीताराम नाग, लखिंदर नायक, कंचन सिंह, सुदर्शन भोगता, राजेश महतो, भुनेश्वर मांझी, प्रदीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, सचिदानंद तिवारी, सुखराम राय, जीतन स्वांसी, कृष्णा सिंह आदि उपस्थित थे।

## हम सभी ने शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन किया : देवेंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** कुड़मी समाज को आदिवासी में शामिल करने की मांग को लेकर मुरी स्टेशन में हजारों की संख्या में कुड़मी जाति के लोगों ने रेलवे लाइन को पूरी तरह से बाधित कर दिया था, जो शनिवार रात करीब 10:00 बजे तक यह आंदोलन चला। उसके बाद जेएलकेएम के नेता देवेंद्र नाथ महतो ने रेल प्रबंधक मुरी को ज्ञापन देकर आंदोलन को समाप्त किया। ज्ञापन में विभिन्न प्रकार की मांगों का उल्लेख किया गया है। साथ ही देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि वह सभी शांतिपूर्ण ढंग से मुरी रेलवे स्टेशन पर अपना आंदोलन कर रहे थे। रेलवे की संपत्ति को किसी भी प्रकार का कोई हानि नहीं पहुंची है। हम लोगों ने शनिवार रात को लगभग 11:00 बजे के आसपास सारे आंदोलनकारियों ने रेलवे ट्रैक को पूरी तरह से खाली कर था।

## सोनाहातू में दशहरा के दिन रावण दहन और पांता नाच कार्यक्रम का होगा आयोजन



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। दशहरा के उपलक्ष्य में सोनाहातू में भव्य रावण दहन एवं पांता नाच कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शुलेखा देवी कुशलडीह पश्चिम बंगाल अपने टीम के साथ कलाकरी का जलवा दिखायेगी। इसको लेकर रविवार को सोनाहातू पंचायत सचिवालय में मुखिया विकास सिंह मुंडा की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचारों से अवगत कराते हुए सभी सदस्यों ने रावण दहन कार्यक्रम को भब्य रुप से मनाने का निर्णय लिया गया एवं पांता नाच कार्यक्रम को सूचारु एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एक टीम का गठन किया गया। मौके पर पुना कुम्हार, बांका कुम्हार, अवधेश भगत, नरेश भगत, बिमल किशोर सेठ, पंचानन स्वांसी, जीतेंद्र दास, निर्मल सेठ, अमूल्य मुंडा, बिदेशी सेकारो, दीपक मुंडा, नगेंद्र माझी, राम मुंडा, अरविंद भगत धनेशवर महतो जितेन कुम्हार, आनंद सेकारो, राजकुमार अधिकारी समेत कई लोग शामिल थे।

## रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर बैठक

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में रविवार को समाजसेवी राम प्रसाद महतो कि अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 26 अक्टूबर को मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम परिसर में शहीद अजीत-धनंजय महतो के स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में रक्तदान शिविर के लिए गांव गांव व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। मौके पर डॉ मुकेश कुमार महतो, सृष्टि धर महतो, मनोरंजन महतो, भोलानाथ महतो, अशोक कुमार दास, सुदेश महतो, खालीद अंसारी, धीरेंद्र नाथ महतो, पंचानन गोप, धर्मेंद्र नाथ महतो, कैलाश चंद्र महतो, चित्तरंजन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली-मुरी में बिजली की आंख-मिचौली चरम पर

मुरी (आजाद सिपाही)। त्योहारी मौसम में बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज से बिजली उपभोक्ता काफी परेशान है। बिजली की लचर व्यवस्था के कारण दुकान एवं प्रतिष्ठान जल्द ही शाम को बंद कर दिये जाते है। बिजली आपूर्ति की कमी के कारण मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो जाता है जिससे आपसी संपर्क करने में असुविधा होती है।

## बुंडू नगर पंचायत के धुर्वा मोड़ का शौचालय बद से बद्तर, लोग परेशान



तमाड़ (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत के धुर्वा मोड़ का शौचालय बंद से बद्तर हो गयी है, इसमें मल मुत्र त्याग करना मुश्किल हो गया है। लोग मजबुरी में यहां जाते हैं। बगल की पानी टंकी गंदे और टुट फुट गये हैं। नगर पंचायत इसे साफ नहीं कराता है। जब भीड़ भाड़ वाले जगहों पर ऐसी स्थिति है तो और जगह क्या होता होगा, आप समझ सकते है? स्वच्छ भारत अभियान मिशन को नगर पंचायत के अधिकारी बट्टा लगा रहे हैं। लोगों ने अविलंब इसकी साफ सफाई करने की मांग किया है।

## कैदी अपने अधिकारों को पहचानें और उनका हनन न होने दें : डालसा सचिव




खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकार खूंटी में जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर और चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि वैसे बंदी, जो किसी कारण से अपने बेलर की व्यवस्था नहीं करा पाता है, या अपने परिवार से मिल नहीं पाता है या किसी कागजात की वजह से जमानत कराने में अथवा किसी भी तरह की समस्या हो, तो वह आवेदन के माध्यम से डालसा सेक्रेटरी या कारा अधीक्षक को सूचित कर सकता है। ऐसे केदियों को हर संभव नि:शुल्क सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि अब झालसा ने कैदियों, उनके माता-पिता एवं उनके परिवार के सदस्यों को सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ दिलायेगा। कार्यक्रम में डीएलएसए के एलएडीसी असिस्टेंट निखिल मेहता, प्रभारी, कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी, डीएलएसए पीएलवी और उपकारा खूंटी के कर्मी उपस्थित रहे। यह जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

# गायत्री परिवार ने किया तर्पण और पिंडदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पितृ पक्ष की अंतिम तिथि पर तजना नदी तट पर गायत्री परिवार द्वारा रविवार को विशेष पितृ तर्पण एवं पिंडदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ घी, दूध, दही, पंचगव्य एवं शहद सहित दश स्नान से हुआ। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तर्पण और दो कुंडीय यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए और अपने पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नवरात्र व्रत की कलश स्थापना और नव दिवसीय साधना का संकल्प आज

अखिल विश्व गायत्री परिवार, खूंटी शाखा द्वारा मेन रोड स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ प्रांगण में सोमवार को मां दुर्गा के नवरात्र व्रत के निमित्त कलश स्थापना सह नव दिवसीय साधना का संकल्प कराया जायेगा। इस अवसर पर परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में क्षेत्र के गायत्री साधक नौ दिनों तक फलाहार, सेंधा नमक निर्मित खाद्य पदार्थों एवं सात्विक आस्वाद पर आधारित व्रत का पालन करेंगे। परिव्राजक चंदन मोदी ने बताया कि आश्विन मास का यह व्रत आध्यात्मिक साधना का विशेष पर्व है। इसे श्रद्धा एवं संकल्पपूर्वक करने से साधकों को जीवन जीने की दिशा में दैविक एवं आध्यात्मिक अनुदान-वरदान की प्राप्ति होती है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस नव दिवसीय साधना में भाग लेने का की अपील की है।

## लिव इन रिलेशन में रहनेवाली नाबालिग लड़की की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तपकरा थाना क्षेत्र के कुमांग गांव में शनिवार की सुबह लिव पद रिलेशन में रहने वाली नाबालिग लड़की सरस्वती कुमारी की चाकू मारकर भाग रहे हत्या के आरोपित युवक प्रेमचंद साहू को पुलिस ने शनिवार की रात को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी रविवार को तोरपा थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह और तपकारा के थाना प्रभारी नितेश कुमार गुप्ता ने दी। गिरफ्तार प्रेमचंद साहू रांची कें लापुंग थाना क्षेत्र के मलगो गांव का रहने वाला है। बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अभियुक्त प्रेमचंद साहू मोटरसाइकिल से फरार होने की फिराक में है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापामारी टीम ने तोरपा थाना क्षेत्र से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने सरस्वती कुमारी की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल, दौली और मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। छापामारी दल में तोरपा के सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, तोरपा के थानेदार मुकेश कुमार हेंबरम, तपकारा के थानेदार नितेश कुमार गुप्ता, एसआई श्यामल कुम्भकार समेत तोरपा एवं तपकरा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। तपकारा के थाना प्रभारी ने इस बात का खंडन किया है कि हत्या का आरोपी प्रेमचंद साहू हथकड़ी सहित फरार हो गया और उसे तीन घंटे के बाद पकड़ा गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ सोशल मीडिया में आरोपी के फरार होने की बेबुनियाद खबर चलायी जा रही है।

## सरकारी स्कूल की छात्राओं के लिए अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप शुरू

### आवेदन प्रक्रिया नि:शुल्क

आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन और नि:शुल्क होगी। आवेदन की प्रक्रिया पहले चरण में 30 सितंबर 2025 तक चलेगी, जबकि दूसरे चरण का आवेदन 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। सभी आवेदन केवल स्कॉलरशिप की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे।




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरकारी विद्यालयों की छात्राओं को उच्च शिक्षा में आगे बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की शुरूआत की गई है। स्कॉलरशिप के तहत स्नातक पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के लिए प्रति वर्ष 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। छात्राएं इस राशि का उपयोग अपनी ट्यूशन फीस या शिक्षा संबंधी अन्य आवश्यक खर्चों में कर सकती हैं। इस पहल का लाभ उन छात्राओं को मिलेगा, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की शिक्षा नियमित रूप से सरकारी विद्यालय से पूरी की है और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक डिग्री या डिप्लोमा (2 से 5 वर्ष की अवधि वाले) के प्रथम वर्ष में नामांकित हैं। भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी स्कूल की छात्राओं को उच्च शिक्षा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई है। इसका लाभ अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओड़िशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की छात्राएं उठा सकती हैं। यह जानकारी अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला समन्वयक साकेत सुमन और आशुतोष मांझी ने दी।

उन्होंने जिले की सभी पात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों से अपील की कि वे निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाएं और बालिकाओं को शिक्षित व सशक्त बनाने में सहयोग दें।

## दिउड़ी मंदिर परिसर में वृद्ध और विकलांगों के बीच बैशाखी, स्टीक एवं धोती साड़ी का वितरण



तमाड (आजाद सिपाही)। सेवा पखवाड़ा के निमित्त भाजपा मंडल तमाड़ के द्वारा दिउड़ी मंदिर परिसर में गरीब वृद्ध एवं विकलांगों के बीच बैशाखी, स्टीक एवं धोती साड़ी का वितरण किया गया। बैशाखी एवं स्टील स्टीक अरूण जैन के सौजन्य से प्राप्त हुआ। वहीं धोती साड़ी पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के सौजन्य से दिया गया। जानकारी हो कि 17 सितम्बर 2025 से लेकर 2 अक्टूबर 2025 तक भाजपा संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी निमित्त तमाड़ भाजपा मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी के नेतृत्व में आज सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महावीर सोनी के अलावे रांची जिला प्रभारी विनोद सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, सुरेंद्र साहु, मदन सिंह मुंडा, तुलसी मुंडा, शिबु दा, तापस सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## खेल और खिलाड़ियों को मदद करने के लिए किया जायेगा हरसंभव प्रयास : संजीव कुमार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती खेल मैदान में रविवार से पांच दिवसीय कच्टी बाबा फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच होशिर बनाम बचरा बस्ती के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में होशिर की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ी को मदद करने के लिए सीसीएल प्रबंधन के द्वारा हर संभव मदद किया जायेगा। इस मौके पर उन्होंने सीएसआर योजना के तहत आयोजन समिति की टीम को खेल सामग्री प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो, सीएसआर अधिकारी उज्जवल कुमार, पूर्व मुखिया मीना कुमारी, आजसु नगर अध्यक्ष विनोद सिंह के अलावा आयोजन समिति के दिनेश कुमार महतो, कौलेश्वर महतो, राजेश कुमार महतो, लखन महतो, राजकिशोर महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

## तमाड़ स्टैंड चौक में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान, क्षेत्र में लकड़बग्घा भी दिखा



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ स्टैंड चौक में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक आप देख सकते हैं। झुंड के झुंड कुत्ते बैठे रहते हैं, जिससे लोगों को बाजार आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम क्षेत्र नहीं होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं होती है। इन दिनों लोग जंगली लकड़बग्घा से भी परेशान हैं। ये जंगली लकड़बग्घा गांव के आसपास झाड़ियों में रह रहा है, जिससे लोगों को भय बना रहता है। जंगली लकड़बग्घा के डर से लोग शाम होते ही अपने घरों के दरवाजे बंद कर लेते है। गांव में वन विभाग की टीम भी इसको लेकर तत्पर दिख रही है, पर अभी तक उसको पकड़ने में सफलता हाथ नहीं लगा है।

# रैयत स्थापित मोर्चा का 15वां स्थापना दिवस मनाया गया

रैयत विस्थापित के हक अधिकार के लिए संघर्ष रहेगा जारी : बिगन भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा का स्थापना दिवस डकरा स्थित मोर्चा कार्यालय में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर खरवार भोगता समाज विकास संघ के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, लपरा मुखिया पुतुल देवी, शांति देवी, बेंती मुखिया सरिता देवी, चुरी उत्तरी मुखिया ललिता देवी, बुकबूका मुखिया पारसनाथ उरांव, मुखिया मलका मुंडा, समाजसेवी आदेश गंझू सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता तथा संचालन सचिव जगरनाथ महतो ने किया। सबसे पहले मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित अन्य अतिथियों ने बिरसा मुंडा, नीलांबर पीतांबर और शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर बिगन सिंह भोगता ने कहा कि मोर्चा का गठन रैयत विस्थापित को हक अधिकार दिलाने के लिए किया गया है। मोर्चा के द्वारा लगातार संघर्ष करके हक अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है और अभी निरंतर संघर्ष जारी है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न गांव से आये महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया। इस मौके पर नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकार इगनेश, महावीर नायक एव आरती देवी ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव, जालिम सिंह, विनय खलखो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, नरेश गंझू, कन्हाई पासी, देवपाल मुंडा, प्रकाश महतो, मुकद्दर कुमार, आजाद अंसारी, भूषण यादव, शिवनारायण लोहरा, सुनील यादव, श्यामजी महतो, मधु गंझू, गणेश भुइयां, राजेंद्र, दामोदर गंझू, आनंद, देवनारायण समेत अन्य उपस्थित थे।

## विस्थापितों के संवैधानिक हक, अधिकार और रोजगार से कोई समझौता नहीं किया जायेगा : मनोज चंद्रा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी सीपीपी लोडिंग पॉइंट के समीप रविवार को रैयत विस्थापित मोर्चा का 15वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन तथा संचालन अनिल राम एवं राहुल राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम से पूर्व बचरा चार नंबर चौक में डॉ.भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, शहीद कृष्णा महतो की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। झारखंड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएमएम के वरिष्ठ नेता सह सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि विस्थापितों के संवैधानिक हक, अधिकार और रोजगार से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। कोयला खदान से लेकर कोल इंडिया भारत सरकार नई दिल्ली तक लड़ाई लड़ी जायेगी। सभी तरह के बहाली में विस्थापितों को प्राथमिकता देना होगा। जल जंगल जमीन के संरक्षण के लिए, विस्थापितों को हक अधिकार, नौकरी पुर्नवास मुआवजा के लिए आंदोलन को तेज किया जाये। मोर्चा की ओर से 30 सूत्री मांगों का घोषणा पत्र जारी किया गया। सभा को चंद्रदेव साहू, जितेंद्र सिंह, प्रकाश यादव, पप्पू दास, रामचंद्र उरांव, मो. इस्लाम, अशोक राम, जेपी महाराज, तोहिद अंसारी, अनिल पासवान, अर्जुन गंझू,रथूं गंझू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अब्दुल अंसारी, हाजी जसीम, वीरू मुंडा, सनी उरांव, विकास खलखो, अनिल ठाकुर, मिटकू महतो, सीटू महतो, मो जुल्फान, ललन करमाली, मनोज प्रजापति आदि सैकड़ों की संख्या में विस्थापित प्रभावित एवं महिलाएं शामिल थे।

# एसबीआइ बैंक के कर्मचारी से 30 लाख रुपये की ठगी

## फर्जी जमीन दिखाकर ठगों ने दिया घटना को अंजाम, मामला दर्ज

**अंचल में दाखिल-खारिज का आवेदन देने पर हुआ ठगी होने का खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** एसबीआइ बैंक में पूर्व में कार्यरत कर्मी सत्येंद्र कुमार द्विवेदी से फर्जी जमीन दिखा कर 30 लाख रुपये की ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत बैंककर्मी की पत्नी रीता द्विवेदी ने रातू थाना में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में बैंक कर्मी की पत्नी ने बताया कि बाजपुर ग्राम निवासी




शशिकांत पाठक ने गुड्डु चौली ग्राम निवासी मनोज चौबे से 25 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री करवाई थी। रजिस्ट्री के बाद जब उन्होंने रातू अंचल में दाखिल खारिज के लिए आवेदन दिया, तो पता चला कि उक्त प्लॉट पर न्यायालय में दीवानी मुकदमा चल रहा है। क्योंकि पहले भी कुछ अन्य लोगों को जमीन बेच कर उनसे ठगी की गयी है। इसके बाद उन्हें ज्ञात हुआ कि अन्य लोगों की तरह ही वे लोग भी ठगी के शिकार हो गये हैं। इसके बाद उन्होंने जिला विधिक प्राधिकार में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी थी, तब मनोज चौबे ने 60 दिनों के अंदर 17 लाख 51 हजार लौटाने की बात लिखित में स्वीकार की है। उसने एक-एक लाख रुपये के सात चेक भी दिये, जो सभी बाउंस हो गये। इस तरह विधिक प्राधिकार में भी उन्हें न्याय नहीं मिला। प्राथमिकी में उन्होंने बाजपुर ग्राम निवासी शशिकांत पाठक, गुड्डु चौली ग्राम निवासी मनोज चौबे, राम लखन चौबे, राम दर्शन चौबे पर धोखाघड़ी कर पैसा हड़पने की शिकायत दर्ज करायी है। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पिस्कानगड़ी रेलवे स्टेशन में रेलवे रैक को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का विरोध



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन गौशाई टोली स्थित अखरा प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की आवश्यक बैठक सह ग्राम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें पिस्का रेलवे में लगने वाले रेक में स्थानीय लोगों को रोजगार सहित अन्य मुद्रा को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 सितंबर को बृहद बैठक सुबह 8 बजे होगा जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होंगे। ग्राम सभा में केंद्र और राज्य सरकारों से आग्रह किया गया कि स्थानीय लोगो को रेलवे रेक, सहित अन्य कार्यों में रोजगार उपलब्ध हो जिसमें उनकी जीविका चले। ग्रामसभा ने निर्णय लिया कि उनकी भागीदारी नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन के लिए ग्रामीण बाध्य होंगे। बैठक में अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी सोमरा उरावं, समाजसेवी सह क्रांतिकारी युवा नेता दीपक कुमार केशरी, लक्मण किसपोटा, मुन्नाउराव, संतोष उराव, राहुल कुमार महतो, बिरसा किसपोटा, सुबोध उराव, मुनू नायक, अमरीश उराव, माधो मुंडा, सुरेना कच्छप, सुमित्रा लकड़ा, सरस्वती देवी, अमृता कुमारी, बसंती उरइन, सुमित्रा तिर्की आदि ग्रामीण उपस्थित हुए।

## महेशपुर की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के महेशपूर स्कूल मैदान में रविवार को एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम उरांव ने फुटबॉल को किक मारकर किया। फाइनल मुकाबला नायक ब्रदर्स गेतलसूद और हुसैन अलेवन महेशपूर के बीच खेला गया। जिसमें महेशपूर की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से नायक ब्रदर्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि कांग्रेस के सिरका पंचायत अध्यक्ष समीम खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच को शुरू कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। विजेता टीम के गोलकीपर अनीस खान को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। बाद में विजेता और उपविजेता टीमों को नकद राशि, ट्रॉफी एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। संचालन समाजसेवी प्रणव महतो ने किया। जबकि नौशाद खान और धर्मवीर नायक ने रेफरी की भूमिका निभाई। टूनार्मेंट के सफल आयोजन में समीम खान, जकिर खान, अनवर खान, जाकीर खान, परवेज खान, बसीर खान, गफरान पप्पू खान, रफीक खान, समर खान, आसिफ खान, जावेद उर्फ सोनू खान, हुसैन खान, अर्सलान खान, आकाश खान, माही, दशरत पहान, गुलशाद खान आदि का योगदान रहा।

## भुवन बेदिया मांझी बनाये गये मर्द पार्टी के अनगड़ा अंचल के प्रखंड अध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मर्द (एमएआरडी) पार्टी ने भुवन बेदिया मांझी को अनगड़ा अंचल में प्रखंड अध्यझ नियुक्ति किया गया। इस मौके पर मर्द पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय कुमार भगत (पूर्व सांसद प्रत्याशी रांची), शैलेश सिंह, राजबीर साहू, सुशील पांडेय आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन 'बौद्धिक सम्पदा अधिकारः नवाचार, समाज और शिक्षा' विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक गीत, ढोल-मंदर और नगाड़े की गूंज के बीच किया गया, जिसने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया। विद्वानों ने कहा कि बौद्धिक सम्पदा अधिकार आधुनिक समाज में न केवल नवाचार की रक्षा करते हैं, बल्कि शोधकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों और उद्योग जगत को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। समापन सत्र में डीन उपेंद्र उपाध्याय का संबोधन तथा संगोष्ठी का सार विवेक राज जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार राय के द्वारा दिया गया। इस संगोष्ठी में देश विदेश के व्याख्यातागण, रिसर्च स्कॉलरों के द्वारा शोध प्रस्तुत किया गया। यह संगोष्ठी शिक्षा, समाज और नवाचार में बौद्धिक सम्पदा अधिकार की आवश्यकता और उपयोगिता को रेखांकित करने वाला एक प्रेरणादायी मंच सिद्ध हुई।

## अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ कार्रवाई ट्रक का चालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ चान्हो पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। शनिवार की रात लुकया धोड़ा के समीप पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने अवैध कोयले से लदे एक ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के रहमतनगर ढंगड्डा निवासी मो जहिम अंसारी के रूप में की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी मो जहिम अंसारी को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## समाजसेवी अर्जुन पांडेय ने किया क्षेत्रों का दौरा



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** रांची के समाजसेवी अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने रविवार को थाना क्षेत्र के उरुगुट्ठ, भांटबोडया एवं पिठोरिया का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने उरुगुट्ठ महतोटोली में निमार्णाधीन श्री हनुमान मंदिर के निर्माण में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इसके साथ ही अर्जुन पांडेय ने भांटबोडया गांव में महिलाओं और ग्रामीणों के साथ बैठक कर सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, नशापान, दहेज प्रथा, जुआ आदि से दूर रहने का भी आह्वान किया। इस मौके पर गुडडू तिवारी, रविकांत तिवारी, चंद्र कांत गिरि, परिबा साहु, सुभाष पुरी, अमन शाहदेव, जनार्दन साहु, संजय भारती, मनोज महतो, सीमा देवी, अंजु देवी आदि मौजूद थे।

## धुर्वा डैम से युवक का शव बरामद



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धूर्वा डैम से रविवार की सुबह 10 बजे नगड़ी पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। उसकी पहचान धुर्वा के जेपी मार्केट विद्या नगर निवासी रणजीत चौधरी के पुत्र रितिक कुमार (23) के रूप में हुई है। वह पिछले दो दिनों से लापता था। नगड़ी पुलिस ने शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। शव पर किसी तरह के चोट आदि के निशान नहीं पाए गए। इससे उसकी डैम में कूदकर आत्म हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पता चला है कि रितिक शुक्रवार को सुबह 6 बजे अपने घर से निकला था। शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी धुर्वा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके लापता होने के एक दिन बाद ही शनिवार को उसका चप्पल धुर्वा डैम के फाटक के पास तैरते हुआ मिला था। तब से ही उसकी धुर्वा डैम में डूबने की आशंका जताई जा रही थी। रविवार को सुबह नौ बजे डैम घुमने आए लोगों ने एक युवक का शव पानी में तैरते हुए देखा और उन्होंने इसकी सूचना नगड़ी पुलिस को दी। जिसके बाद शव बरामद हुआ।

## अंबुवाजारा गांव मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित लोग डोभा-नाली का दूषित पानी पीने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड अंतर्गत सिरका पंचायत का महेशपुर अम्बुवाजारा गांव आजादी के 78 वर्ष गुजर जाने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। आज भी यहां के ग्रामीण बिजली, पानी, चिकित्सा आदि मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां के ग्रामीणों के लिए अभी तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। आज भी यहां के लोग डोभा और नाले का प्रदूषित जल पीने को विवश है। इस गांव को अभी तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल जल योजना से नहीं जोड़ा गया है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह गांव योजना के नक्शे में नहीं है। जबकि दूसरे पंचायत के कई सुदूर गांवों को इस योजना से जोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने



विभागीय अधिकारियों पर उपेक्षा एवं पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इस गांव में बिजली आपूर्ति की हालत भी ठीक नहीं है। एक तरफ गांवों में स्मार्ट मीटर के लिए बिजली के खंभे और तार बदले जा रहे हैं तो वहीं यहां के लोग अपना बिजली कनेक्शन बांस के खंभे के सहारे ले जाने पर मजबूर हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आवंटित चापानल को एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता आपस में बांट लेते हैं। इधर ग्रामीणों ने रविवार को मुखिया रोशन लाल मुंडा से मुलाकात की और पेयजल की समस्या के समाधान को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। इस असर पर मुखिया ने कनीय अभियंता से फोन पर बातचीत की और एसआर के तहत स्थल चिन्हित कर यथाशीघ्र चापानल लगाने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मौके पर पंसस प्रतिनिधि साहेब राम महतो, शिवा मुंडा, बलराम मुंडा, नागेश्वर महली, सोनू मुंडा, रमेश उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा के निधि से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चतरा-रिंग रोड से रामकृष्ण महतो के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के निधि से शुरू हुआ। शिलान्यास उनकी अनुपस्थिति में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीदाम सिंह मुंडा ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, नूतन पाहन, रामकृष्ण महतो, साईनाथ महतो, सिंधु महतो, राजेश मिश्रा, बिगेसर महतो, संतोष महतो, मनीराम महतो, रतनू कुजूर, बसंत महतो, साधु महतो आदि उपस्थि रहे।

## 14वां रांची जिला बालक और बालिका मलखंब चैंपियनशिप का समापन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** वाईड ग्लोब एडुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पाण्डेय 14वां रांची जिला मिनि जुनियर, सब जुनियर, जुनियर एवं सीनियर बालक - बालिका मलखंब प्रतियोगिता रविवार को रांची के धुर्वा स्थित सेक्टर-2 बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची जिला मलखंब संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत मलखंब की राष्ट्रीय खिलाड़ी सरिता कुमारी, अनुशिखा कुमारी एवं जानवी कुमारी ने बुके देकर किया। संचालन संघ के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी, एवं मलखंब अकादमी रांची के निदेशक डॉ अजय झा आदि रहे।

## झामुमो ने किया प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन

# महादेव उरांव प्रखंड अध्यक्ष और जसीमुद्दीन मिंया बनाये गये सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया में रविवार को झामुमो की ओर से सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर रांची के संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद मुन्ना बाडाइक मौजूद रहें। इस दौरान संगठन को और मजबूती देने और कार्यकर्ताओं के सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लापुंग प्रखंड झामुमो का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष महादेव उरांव, उपाध्यक्ष दिपक केरकेट्टा, प्रवीण कुमार, सचिव जसीमुद्दीन मिंया, उपसचिव इंद्रजीत राय, कोषाध्यक्ष बंधू उरांव, उप कोषाध्यक्ष



चंद्रशेखर, मीडिया प्रभारी इमरान खान और वामिक मिंया का चयन किया गया। इस अवसर पर संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि मांडर विधानसभा में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को मिली प्रचंड बहुमत से जीत में लापुंग की जनता का बहुत बड़ा योगदान है। कहा कि किसी तरह की परेशानी हो तो कमेटी को बतायें। आपका काम करने में सहयोग किया जाएगा। वहीं, महादेव उरांव ने कहा कि पार्टी ने हमें जो जिम्मेदारी दी हैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। इस दौरान सभी नव नियुक्त सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके संतोष साहू, श्रवन महतो, जगेश्वर भगत, करमचंद भगत, जितेंद्र सिंह, एतवा उरांव, सेराज मियां, तबरेज मिंया और ऐजाज मिंया आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस का 'संगठन सृजन अभियान' शुरू, हहाप पंचायत में हुई बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हहाप पंचायत अंतर्गत कटई टोली स्कूल मैदान में संगठन सीजन अभियान 2025' के तहत हहाप पंचायत कांग्रेस कमेटी के पूर्ण गठन के लिए कांग्रेस परिवार के साथ रविवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नामकुम के मध्य मंडल अध्यक्ष नरेश उरांव ने प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विजय टोप्पो की उपस्थिति में की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस के रांची जिला ग्रामीण कमेटी उपाध्यक्ष माधो कच्छप ने बताया कि यह अभियान पार्टी की सक्रियता बढ़ाने, आगामी चुनावों के लिए संगठन को मजबूत करने, मेहनती कार्यकताओं को आगे लाने और बूथ स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर मिशन में जुटने का आह्वान किया। वहीं, हहाप पंचायत के कांग्रेस कमिटी के लिए अध्यक्ष सोमरा मुंडा, उपाध्यक्ष अंशु मुंडा एवं रमेश मुंडा, महासचिव नंद किशोर प्रमाणिक, हरि श्याम मुंडा, मनोज नायक, बुढ़न मुंडा, बिनोद कच्छप, छोटराय मुंडा, माकु लकड़ा, सीमा लकड़ा, सीताराम महतो का चयन किया है। बैठक में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के उपाध्यक्ष माधो कच्छप, सचिव कल्याण लिंडा, खिजरी विधायक के निजी सहायक दिनेश चन्द्र प्रमाणिक, अध्यक्ष सिलास टुटी, अंजू लकड़ा, विकास मुंडा, अब्दुल सतार खान, पुनीत तिग्गा, करण मुंडा, जगन मुंडा, संजीत रुंडा, बगनु मुंडा, मदिराय मुंडा आदि मौजूद थे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत जरूरतमंदों में वस्त्र वितरित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर 15 दिनों तक चलने वाले भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नामकुम के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा कार्यकर्ता कहीं रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे, तो कहीं स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश किसान मोर्चा प्रवक्ता सह राजयसभा सांसद प्रतिनिधि ने मनोज कुमार सिंह ने नामकुम बाजार में दर्जनों ऑटो चालकों को अंग वस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। मनोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म विश्वकर्मा पूजा के दिन हुआ था। आज उस दिन की सार्थकता को सिद्ध करते हुए देश के नवनिर्माण में लगे हुए है। कहा कि नये भारत की धूम दुनिया में फैला हुआ है। आज का भारत दुश्मनों के घर में घुसकर मारने की बात ही नहीं करताब, बल्कि मारता भी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, राशन सभी बुनियादी चीजों को आम जन तक पहुंचाने का काम इनके शासन में किया जा रहा है। किसी योजना में भेदभाव नहीं है। 11 वर्षों के कार्यकाल मे भ्रष्टाचार दिखाई नहीं दे रहा। सबसे बड़ी बात पिछले 25 वर्षो से लगातार देश सेवा में, देश को एक अलग पहचान दिलाने में लगे हुए है। कार्यक्रम का संचालन झारखण्ड प्रदेश ऑटो यूनियन संघ नामकुम रामपुर मार्ग के अध्यक्ष रामशंकर सिंह ने किया। इस मौके पर श्याम पंडित, अनिल सिंह, नरेन्द्र बाल्मीकि,योगेंद्र साहू, मिथिलेश सिंह, बिनोद प्रजापति, अजित सिंह, बसंत सिंह आदि मौजूद थे।

## विवेकानंद सेवा संघ की ओर से प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से संचालित विवेकानंद सेवा संघ का प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट टाटी पंचायत के टाटी फुटबॉल मैदान में आयोजित हुई। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग ली। फाइनल मैच रविवार को दुबलाबेड़ा विएसएस एवं डीमरा विएसएस के बीच खेला गया। इस दौरान दोनों ही टीमों का सानदार प्रदर्शन रहा और दोनों बराबरी पर रहे। अंतिम समय में पेनाल्टी शूटाउट में डीमरा की टीम नें दुबलाबेड़ा की टीम को 1-0 गोल की बढत बनाकर ट्राफी अपने नाम की। इस मैंच में प्रथम स्थान वाले टीम को एक बड़ा ट्राफी, जरसी सेट, एक फुटबॉल एवं बड़ा खस्सी, उपविजेता टीम को छोटा ट्राफी, जरसी सेट, फुटबॉल एवं छोटा खस्सी देकर सम्मानित किया गया। जरसी सेट, ट्राफी एवं फुटबॉल रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से एवं खस्सी विवेकानंद सेवा केन्द्र बरवटोली के दी गई। साथ ही मैंच में भाग लेने वाले सभी टीमों को संतावना पुरस्कार के रुप में एक-एक फुटबाल देकर सम्मानित किया गया। सभी टीमों को रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी भक्तीशानन्द जी महाराज ने अपने हाथो से दिया। मौके पर अतिथि के रुप में जिला परिषद सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा, सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, नवागढ़ मुखिया, भुवनेशवर बेदिया, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, पंसस टाटी मकर सिंह मुण्डा,आदि उपस्थित थे। वहीं मैच आयोजन में अध्यक्ष बुधराम बेदिया, उपाध्यक्ष सोमरा बेदिया, सचिव - सावना बेदिया , कोषाध्यक्ष - मोहन बेदिया, विवेकानंद सेवा संघ अध्यक्ष संतोष बेदिया, सचिव कमल बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, श्यामसुन्दर बेदिया, मालिया बेदिया, चिरंजीवी मण्डल, प्रदीप महतो, नरेन्द्रनाथ बेदिया, सुखलाल बेदिया, शंकर बेदिया, सोमरा बेदिया, आदि का अहम योगदान रहा।

## मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हुए 992 नवसाक्षर, महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से अलग-अलग परीक्षा केंद्रों में रविवार को उल्लास नवभारत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। लापुंग प्रखंड में कुल 822 महिलाओं एवं 170 पुरुष (कुल 992 )नवसाक्षर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लापुंग प्रखंड के ककरिया, दोलैचा एवं सरसा संकुल के 28 परीक्षा केंद्रों में 417 असाक्षरों ने परीक्षा दिया। इसमें फतेहपुर राजकीय मध्य विद्यालय में 67, बड़का कुरा में 48 और महुगांव खास में 42



प्रतिभागियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। जबकि कोयनारा में 36, आरमालतदाग में 30, राजकीय पोकटा में 28, सकरपुर में 25 असाक्षरों ने परीक्षा दिया। पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में 18, ककरिया में 15, चम्पाडीह में 23, तेतरा में 23, लतरातु में 10 राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी में 14, कोंयसारा में 19, देवगांव में 14, सेमला कुसुम टोली में 11 असाक्षर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं, परीक्षा को सफल बनाने में बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी मंटू कुमार साहू, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहू, सुनील कुमार गुप्ता, मो समीउल्लाह हक, संजय कुमार महतो, फतेहपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामवृक्ष बैठा, बड़का कुरा के मो जुबैर अंसारी, नीलम लकड़ा, सलीम सहाय तिग्गा, उदय कुमार, डीडीओ शिव प्रसाद महतो, जीवेश्वर साय, बहादुर उरांव, ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, प्रकाश उरांव, विनोद लकड़ा, सागेन होरो, संगीता कुमारी आदि का योगदान रहा।

## जरमना पल्ली में धूमधाम से मनाया गया करमा महोत्सव, मांदर बजाकर थिरके विधायक

# सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में खींची विकास की लंबी लकीर : भूषण तिर्की

**कहा : अपने-अपने बाल-बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि प्रखंड में गलत काम होने पर कर्मचारियों से आंख से आंख मिलकाकर बात कर सकें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** प्रखंड के जरमना पारिश मैदान में करमा महोत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। गांव के लोग सुबह से ही रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर कार्यक्रम में शामिल हुए। पारंपरिक विधि-विधान से करम देव की पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों ने अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाएं और युवतियां करम डाल लाने के लिए सुबह जंगल गईं और गीत-संगीत के बीच करमा डाल को मैदान में स्थापित किया। इसके बाद ढोल-मांदर और नगाड़े की थाप पर युवक-युवतियों ने पारंपरिक करमा नृत्य कर वातावरण को उल्लास मय बना दिया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गुमला विधायक भूषण तिर्की उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य की नींव रखने वाले महान नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन भले हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के विकास की लकीर खींच दिये हैं, जो विपक्षियों की आंख में कांटे की तरह चुभ रही है। उन्होंने कहा कि आप अपने बाल-बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि प्रखंड में गलत काम होने पर कर्मचारियों से आंख से आंख मिलकाकर बात कर सकें। इसके बाद विधायक भूषण तिर्की ने खुद नगाड़ा बजाया और पारंपरिक थाप पर थिरकते हुए करमा नृत्य में भाग लिया। इससे पूरे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम में आसपास के 18 गांवों के महिला-पुरुषों ने भाग लिया। सभी ने अपने-अपने पारंपरिक नाच-गान की प्रस्तुति दी। इस मौके पर आरिफ अंसारी, शकील खान, लडन खान, रंजित सरदार, राजेश टोप्पो, नोवेल लकड़ा, फादर निरंजन एक्का, पुष्पा टोप्पो आदि मौजूद रहे।



करमा महोत्सव में शामिल गुमला विधायक भूषण तिर्की।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह संस्था का 65वां स्थापना दिवस रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन सुबह शाखा उपाध्यक्ष अजय प्रसाद की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गयी, जो विभिन्न मुख्य पथों का परिभ्रमण करते हुए समूह के आश्रम तक पहुंची। इस दौरान भक्तगण मां सर्वेश्वरी की जय हो, अघोरेश्वर महाप्रभू की जय, मां गुरु की जय के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान फूलों से सजे वाहन में अधिष्ठापित परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू के चित्र को नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पूजन आरती की गयी। प्रभात फेरी के बाद आश्रम प्रागंण में आरती की गयी। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री सर्वेश्वरी समूह का ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक ऐसी संस्था है जिसके उद्भभव के पीछे एक विलक्षण प्रेरणा और अदृश्य शक्ति कार्य कर रही है। इस संस्था के संस्थापक परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू ने काशी जैसी नगरी में 21 सितंबर 1961 को श्री सर्वेश्वरी समूह नामक संस्था की स्थापना कर अघोर परंपरा को एक नई और ऊजार्युक्त प्रतिष्ठा, दिशा एवं भावभूमि प्रदान की। लोक कल्याणकारी कार्यों के 19 सूत्री मूल उद्देश्यों से आच्छादित इस संस्था का 65वां स्थापना दिवस देश-विदेशों में भी स्थापित समूह की शाखाओं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समूह की गुमला शाखा में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंत में आश्रम प्रागंण में ही श्री सर्वेश्वरी समूह का 'हमारे व्यक्तित्व पर प्रभाव' विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं विनय लाल, भोला नाथ दास, आदर्श कुमार, योगेंद्र प्रसाद, हेमलता यादव, सौरभ गुप्ता, सलोनी गुप्ता, अनुपमा विनायक और दीक्षा गुप्ता ने समूह के कार्यवृत्त, उद्देश्यों आदि पर अपने-अपने विचार साझा किये। मांडवी रानी ने अपने भजन से तो ऋषिकेश यादव ने कविता पाठ कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन शाखा मंत्री विपिन कुमार सिन्हा ने किया। वहीं, कार्यक्रम में पहुंची माताओं का महिला संगठन की नीता हरीतिमा ने आभार व्यक्त किया।

# पांच एकड़ में तैयार धान की फसल जहरीली दवा से बर्बाद

**चाचा और चचेरे भाइ पर लगाया जहरीली दवा डालकर खेती बर्बाद करने का आरोप**

**प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई और आजीविका के लिए मदद करने की अपील**

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इटकीरी ग्राम में फाइलेरिया रोग से ग्रस्त दिव्यांग किसान लक्ष्मण उरांव की मेहनत और सालभर की उम्मीदें कुछ ही घंटों में खत्म हो गयी। लक्ष्मण ने अपने चाचा गंदूर उरांव एवं चचेरे भाई गोविंदा उरांव पर धान की पूरी फसल पर जहरीली दवा छिड़क कर बर्बाद करने का आरोप लगाया है। बताया कि जहरीली दवा के कारण 5 एकड़ जमीन में तैयार फसल पूरी तरह जल गयी है। लक्ष्मण उरांव ने बताया कि उसकी पूरे परिवार की आजीविका केवल खेती पर ही निर्भर हैं। कड़ी मेहनत और कर्ज लेकर चार अलग-अलग जगहों पर धान की खेती की थी। पहले से ही धान का बिछड़ा तैयार था। उसमें भी उनके चाचा और चचेरे भाई ने जहरीली दवा डाल दिया था जिससे पूरा बिछड़ा बर्बाद हो गया था। इसके बाद लक्ष्मण इधर-उधर से पौधा जुटाकर करीब पांच एकड़ जमीन में रोपा रोपवाया था। महीनों की कठिन मेहनत के बाद अब धान की फसल पूरी तरह पकने की स्थिति में थी, तभी एक बार फिर पूरी फसल पर जहरीली दवा छिड़क दी गई। जिससे पूरा फसल बर्बाद हो गयी। लक्ष्मण ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाय। उसने आजीविका के लिए मदद की भी गुहार लगायी है।



# मूल्यांकन परीक्षा से 8 हजार से अधिक नवसाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के सभी 12 प्रखंडों में स्थित विद्यालय के जन चेतना केंद्रों पर रविवार को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवसाक्षरों के लिए मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसका लक्ष्य जिले के 8 हजार से अधिक असाक्षर व्यक्तियों को साक्षरता की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनका प्रमाणीकरण करना है। इसके लिए विशेष रूप से पिछले कुछ महीने पहले सभी विद्यालय शिक्षकों द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित कर स्वयंसेवकों के माध्यम से विशेष कक्षाएं संचालित कराई गई हैं, ताकि शिक्षा से वंचित कोई भी व्यक्ति पीछे न रह जाए। मूल्यांकन परीक्षा में प्रतिभागियों के साक्षरता के मूलभूत कौशल,पढ़ने-लिखने की क्षमता के साथ साथ सरल गणना एवं संख्यात्मक योग्यता तथा दैनिक जीवन से जुड़े सामान्य ज्ञान एवं व्यवहारिक समझ का परीक्षण किया गया। बतातें चलें कि गुमला एक आदिवासी बहुल जिला है। जिसकी साक्षरता दर झारखंड के कई अन्य जिलों की तुलना में कम है, लेकिन साक्षरता संबंधी किए जा रहे संगठित प्रयासों के कारण अब सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा । वहीं, डीसी प्रेरणा दीक्षित ने संदेश दिया कि 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केवल अक्षरज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में जागरूकता, आत्मविश्वास, आर्थिक सशक्तिकरण और बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।'



## व्यापारी से मकई सप्लाई के नाम पर 4.82 लाख की ठगी

**गुमला (आजाद सिपाही)। एक प्रतिष्ठित व्यापारी से मक्का सप्लाई कराने के नाम पर करीब 4 लाख 82 हजार 500 रुपये की ठगी कर लिये जाने का मामला सामने आया है। मामला इतना सुनियोजित था कि ठगों ने न सिर्फ कंपनी का नाम और पता दिखाया, बल्कि नकली इनवॉइस, ट्रक की तस्वीर और गाड़ी नंबर तक मुहैया कराया, ताकि पीड़ित व्यापारी को यकीन हो जाए कि उसका माल भेज दिया गया है। गुमला थाना क्षेत्र के ग्राम पतिया निवासी प्रवीण कुमार दास, जो गुमला में इशांक ट्रेडर्स के नाम से कारोबार करते हैं, ने रविवार की शाम चार बजे पुलिस को लिखित आवेदन देकर पूरी घटना बतायी। कहा कि 22 अगस्त को इंडिया मार्ट ऐप पर मक्का का रेट सर्च किया। तभी एक मोबाइल नंबर से संपर्क कर खुद को इंदौर के जय हिंद ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले शख्स ने उनसे डील की। 24 अगस्त को 20.50 रुपये प्रति किलो के दर पर 30 टन मक्का की सप्लाई का सौदा पक्का हुआ। ठग ने बैंक खाता यूको बैंक, इंदौर (अकाउंट होल्डर अंकित कुमार सिंह) बताया। व्यापारी ने भरोसा कर सात अलग-अलग किस्तों में कुल भुगतान 4,82,500 कर दिया। व्यापारी को झांसा देने के लिए ठगों ने ट्रक नंबर भी साथ ही ड्राइवर का मोबाइल नंबर भी थमा दिया। लोडिंग, भाड़ा और अन्य खर्चों के नाम पर अतिरिक्त रकम की मांग की जाती रही। लेकिन 4 सितंबर के बाद से ठग के सारे मोबाइल नंबर बंद हो गए।**

## विश्व शांति दिवस पर बिशुनपुर में निकली 10 किमी लंबी प्रभात फेरी

**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में राज विद्या केंद्र के बैनर तले रविवार को विश्व शांति दिवस के अवसर पर 10 किलोमीटर लंबी प्रभात फेरी निकाली गयी। यह पैदल मार्च बनारी गूंगाटोली से शुरू होकर बिशुनपुर बिरसा बाग तक पहुंची। इस दौरान शांतिप्रिय लोगों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लिए 'पांतिवाद कम से कदम मिलाकर शांति संभव है' और 'विश्व शांति दिवस अमर रहे' जैसे नारों के साथ पूरे मार्ग को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में बिशनपुर प्रखंड, बिशुनपुर, बनारी एवं हेलता केंद्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर बनारी, बिशुनपुर एवं हेलता केंद्र से बिगन उरांव, राजीव माझी, निरंजन बड़ाईक, कमला देवी, शांति देवी, बसु उरांव, वीरेंद्र लोहार, शंभू बड़ाईक, जीतन लोहरा, जयकरण खेरवार, विनोद बड़ाईक, रामविलास साहू, तुलसी साहू, सूर्यदेव तुरी, मनफिरन उरांव, जगदीश लोहरा, अंजनी देवी आदि थे।

## नवसाक्षरों के लिए मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा का रविवार को सभी जन चेतना केंद्रों पर सफल आयोजन हुआ। बीपीएम सरफराज अन्सारी ने बताया कि असाक्षर व्यक्तियों को साक्षरता की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनका प्रमाणीकरण करना है। इसके लिए विशेष रूप से पिछले कुछ महीने पहले सभी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित कर स्वयंसेवकों के माध्यम से विशेष कक्षाएं संचालित कराई गई, ताकि शिक्षा से वंचित कोई भी व्यक्ति पीछे न रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 40 यूनिट रक्त संग्रहित

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति की ओर से अध्यक्ष अमित कुमार नाग के नेतृत्व में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मोहरचंद सिंह, रितेश सिंह, फाल्गुनी सिंह, अमिताभ लोहारा, स्नेह स्मृति, मेघनाथ राय, सुनील कुमार, बैद्यनाथ सिंह, भानु प्रताप सिंह, नीरज जायसवाल, पंकज कुमार, रामदुलार सिंह, दिलीप दास, रविंद्र साहू, अरुण कुमार पांडे, रामचंद्र बडाइक आदि लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 40 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर में खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार भी दुर्गापूजा से पहले रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। समिति अध्यक्ष अमित कुमार नाग ने कहा कि रक्तदान महादान है। हर स्वस्थ व्यक्ति को समाज के हित में रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। मौके पर विपिन बिहारी सिंह, पवन जायसवाल, मनोज महापात्र, विजय कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के युवा विभाग का चुनाव संपन्न, परिणाम का इंतजार









**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के युवा विभाग का चुनाव संपन्न हो गया है। कांग्रेसी युवाओं को चुनाव परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनने के लिए गुमला जिला से कुल चार प्रत्याशी आजाद अंसारी, उरांव, हारून रशीद और ऋषिकांत साहू मैदान में थे। इन चारों प्रत्याशियों ने अपने-अपने मतदाताओं से मिलकर लगातार 30 दिनों तक ऑनलाइन वोटिंग कराई। घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किये। इस चुनाव में 18 से 35 वर्ष के भारतीय युवा ऑनलाइन मतदाता थे। बताया जा रहा कि कुछ प्रत्याशी को कई दिग्गज कांग्रेसियों का आशीर्वाद प्राप्त है। युवा कांग्रेसियों से पूछने पर वे बताते हैं कि आजाद अंसारी और उत्तम उरांव इस बार दौड़ में आगे हैं। वहीं, हारून रशीद और ऋषिकांत साहू को भी अच्छे खाते मत मिलने की उमीद है। इस संबंध में आजाद अंसारी ने बताया कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में किए गए कार्य को आधार बनाकर युवाओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की है। वह चुनाव जीतने के प्रति अश्वस्त हैं। वहीं, उत्तम उरांव ने कहा कि वह नई ऊर्जा के साथ युवा राजनीति में आए हैं और उनकी कार्यशैली को देखते हुए युवाओं ने उन्हें वोट किया है। वह चुनाव जीत रहे हैं। हारून रशीद ने कहा कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा है। परिणाम की वह परवाह नहीं करते लेकिन युवाओं का जो प्यार उन्हें मिला है वह अविस्मरणीय है।

## बसिया के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में किया बेहतर प्रदर्शन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** चाईबासा में आयोजित एकलव्य विद्यालयों के छठे राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं कला उत्सव, उद्भव-2025 में बसिया एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 8 प्रथम, 12 द्वितीय एवं 06 तृतीय स्थान प्राप्त किये। ट्राइबल इंस्ट्रुमेंटल, फोक ससमूह गान, चमड़ा वाले वाद्ययंत्र, क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल, फोक समूह नृत्य, जनजातीय समूह नृत्य और मिमिक्री में बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद ने इंस्ट्रुमेंटल केटेगरी में प्रथम और लोक गीत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर 26 ट्रॉफियों के साथ जब बच्चे विद्यालय पहुंचे तो स्कूल बैंड बजाकर और पुष्प वर्षा कर विद्यालय के मुख्य द्वार पर ही उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के तीन शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद, आर्यण शाह एवं संदीप कुमार पंडित ने 44 छात्रों के संरक्षक के रूप में चाईबासा गये थे। प्राचार्य संजय कुमार सिंह, निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं झारखंड विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने विजयी छात्रों को बधाई दी।

## विश्व शांति दिवस पर निकाली गयी प्रभात फेरी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व शांति दिवस पर राज विद्या केंद्र की ओर से घाघरा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें हाथों में शांति, सद्भावना और अहिंसा के संदेश लिखी तख्तियां लिए बड़े बुजुर्ग विश्व शांति का संदेश घर-घर पहुंचे जैसे नारों के साथ मुख्य सड़कों से गुजरे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज मुहल्ला से शुरू हुआ और यह मुख्य बाजार होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर पुनः कॉलेज मुहल्ला में आकर समाप्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि शांति के बिना समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है। विश्व शांति दिवस हमें यह याद दिलाता है कि वैमनस्य, हिंसा और अशांति से केवल विनाश होता है। बच्चों में शांति और भाईचारे की भावना जगाना ही भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखदेव सिंह, राजेंद्र राम, लक्ष्मण लोहरा, रीता देवी, उर्मिला देवी आदि मौजूद थे।

## 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' को लेकर गुमला में कार्यशाला का आयोजन

# 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण का माध्यम : गंगोत्री कुजूर

**गुमला जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान नयी संभावनाओं के द्वार खोल सकता है : कमलेश उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाजपा की गुमला जिला इकाई ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार को लोहरदगा रोड स्थित सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम के ऊपर कांफ्रेंस हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया। जिसका विषय 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' था। कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की संयोजक गंगोत्री कुजूर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सशक्त भारत की आधारशिला बताया। कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण का माध्यम है। इसका उद्देश्य गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। वहीं, पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि गांव, किसान और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र को सशक्त बनाना है। गुमला जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। यदि स्थानीय संसाधनों को सही दिशा मिले तो यह क्षेत्र भी आर्थिक दृष्टि से अग्रणी बन सकता है। कार्यकर्ता इस दिशा में संकल्प लें कि वे आत्मनिर्भरता के बीज गांव-गांव में बोयेंगें। वहीं, कार्यक्रम के जिला संयोजक रामअवतार भगत ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सभी से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान को जमीनी स्तर तक ले जाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया। जिनमें स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन, स्वरोजगार के अवसर, आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री यशवंत कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रविंद्र सिन्हा ने किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, भिखारी भगत, रविंद्र सिन्हा, मंगल सिंह भोक्ता, संतोष देवघरिया, करमपाल सिंह, विकास सिंह, अमरमणि उरांव, सोनामणि देवी, भैरव सिंह खेरवार, किशोर जायसवाल, बालकेश्वर सिंह, रविंद्र भगत और किशुन बड़ाइक आदि उपस्थित थे।



## धूमधाम से मना सर्वेश्वरी शाखा समूह का स्थापना दिवस

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी शाखा समूह का 65वां स्थापना दिवस घाघरा शाखा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविवार की सुबह प्रभात फेरी से हुई। बाइक रैली के रूप में निकली इस प्रभात फेरी में समूह के सदस्य मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करते नजर आए। पूरे मार्ग में अघोरेश्वर भगवान राम की जय के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। प्रभात फेरी के बाद चांदनी चौक स्थित शाखा परिसर में ध्वजारोहण किया गया। वहीं शाम को विशेष आरती, भजन-कीर्तन और पुनः प्रसाद वितरण किया गया। सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और आध्यात्मिकता का संदेश देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समूह के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एजी चर्च स्कूल ने आदिवासी बच्चों से सड़क पर मंगवाया चंदा, लोगों में आक्रोश

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा देने वाले संस्थान से संस्कार और आदर्श की उम्मीद की जाती है। पर बडीकाड़ीह एजी चर्च स्कूल पर आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन ने कक्षा 4 से 7 तक के आदिवासी बच्चों को चंदा इकट्ठा करने के लिए सड़कों, दुकानों और गांव-गांव में भेजा। जानकारी के अनुसार, बच्चों को दो-दो के समूह में बांटकर नेशनल हाईवे, बाजार और ग्रामीण इलाकों में डोनेशन के नाम पर चंदा मांगने भेजा गया। इतना ही नहीं, कहा गया कि जो छात्र सबसे ज्यादा चंदा लेकर आएगा, उसे क्रिकेट किट और नकद इनाम दिया जाएगा। इस आदेश के बाद बच्चे साइकिल से घाघरा और आसपास के इलाकों में घूमते देखे गए। उधर, ग्रामीणों ने इसे शिक्षा के नाम पर गंभीर लापरवाही और बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया है। कहा कि विद्यालय प्रबंधन ने आदिवासी बच्चों को पढ़ाई की जगह पैसों का साधन बना दिया है। मामले की शिकायत स्थानीय थाना को भी दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इसकी निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एजी चर्च स्कूल के डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो ने कहा कि विद्यालय में आशा नामक संस्था ने सहयोग राशि मांगी थी, जिसके लिए प्राचार्य ने बच्चों से अपने-अपने घरों से राशि लाने को कहा था। उन्होंने माना कि पुरस्कार की चाहत में बच्चे दुकानों तक चले गए होंगे, जो खतरनाक है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने किया बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन

# 16 बाइक के साथ पांच गिरफ्तार, तीन को जेल और दो को जुबेनाइल कस्टडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने रविवार को बरोरा थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि बरोरा थाना क्षेत्र और बाघमारा थाना क्षेत्र से 16 चोरी का बाइक बरामद किया गया है। साथ ही पांच बाइक चोरों को भी पकड़ा गया है 0, जिसमे से तीन को न्यायिक हिरासत तथा दो नाबालिग आरोपियों को जुबेनाइल कस्टडी में भेज दिया गया है और बाकी की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। हिरक रोड मुराईडीह कॉलोनी गेट के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। कागजात मांगने पर बाइक सवारों ने स्वीकार किया कि वाहन चोरी का है।



पकड़े गये दोनों व्यक्तियों की पहचान रोहित कुमार वर्णवाल उर्फ विवेक वर्णवाल उर्फ कार्टिज और राज चौहान उर्फ गुड्डू चौहान, दोनों डुमरा बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा निवासी थे। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ भीड़-भाड़ वाले बाजारों से मोटरसाइकिल चोरी कर धनबाद और बोकारो के विभिन्न इलाकों में बेचते थे। गिरोह अब तक लगभग 40 मोटरसाइकिल की चोरी कर चुका है। ग्रामीण एसपी ने फिर कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित छापामारी कर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से छिपाकर रखी गयी कुल 16 मोटरसाइकिल बरामद किया। साथ ही 3 बालिग और 2 नाबालिगों को भी गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध बरोरा थाना कांड संख्या 35/2025 दिनांक 21.09.2025 के तहत मामला दर्ज उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपियों में 27 वर्षीय राहुल कुमार वर्णवाल उर्फ कार्टिज 25 वर्षीय राज चौहान उर्फ गुड्डू चौहान, 37 वर्षीय रंजीत यादव है।

छापामारी दल में मुकेश चौधरी (कतरास अंचल निरीक्षक), साधन कुमार (थाना प्रभारी बरोरा), दिलीप पाल (ओपी प्रभारी सोनारडीह), शुभम कुमार (थाना प्रभारी मधुबन), अजित कुमार (थाना प्रभारी बाघमारा), राहुल झा (थाना प्रभारी हरिहरपुर), विवेक चौधरी (थाना प्रभारी तेतुलमारी), गौतम कुमार (बरोरा थाना), जनार्दन महतो (बरोरा थाना), संदीप कुमार सुमन (बरोरा थाना), मुकेश कुमार महतो (बरोरा थाना), मिथुन कुमार (बरोरा थाना) कतरास, बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी, बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार भी उपस्थित थे।

## कोयलांचल पहुंची विधानसभा की विशेष समिति

# निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बीसीसीएल और डीजीएमएस के क्रियाकलापों पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल पहुंची विधानसभा की विशेष समिति का रुख कड़ा देखने को मिला। कोयला खनन के नियमों के उल्लंघन को लेकर समिति सख्त है। हो सकता है कि समिति लौटने के पहले कुछ आउटसोर्सिंग कंपनियों को बंद करने का आदेश बीसीसीएल मैनेजमेंट को दे सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो रही है। समिति में शामिल निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बीसीसीएल और डीजीएमएस के क्रियाकलापों से काफी नाराज है। रविवार को विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि कानून के हिसाब से बीसीसीएल गलत तरीके से काम कर रही है। कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के समय बीसीसीएल को दावे के मुताबिक 23000 एकड़ जमीन मिली थी। लेकिन वह जमीन कहां है, इसकी जानकारी मैनेजमेंट को नहीं है। इस जमीन का अभी तक म्यूटेशन नहीं कराया गया है। लेकिन बीसीसीएल दावा कर रही है कि जमीन उसकी है। इधर, रैयतों की जमीन पर पहाड़ खड़े कर दिये गये है। यह सब डंपिंग के नियम के खिलाफ किया गया है और किया जा रहा है।



### नियम को ताक पर रखकर हो रही ओबी डंपिंग

विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि नियम के मुताबिक ओबी डंपिंग 30 फीट ऊंचाई तक करनी है। उसके बाद फिर रास्ता रहेगा, फिर डंपिंग की जा सकती है। जिस वजह से पत्थर के टुकड़े से कोई नुकसान नहीं हो। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। डीजीएमएस भी असहाय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समस्या बहुत जटिल और पुरानी है। रैयतों के साथ अत्याचार हो रहा है। कहा कि रैयतों को मुआवजा नहीं दिया गया है, लेकिन उनकी जमीन पर कोयला खनन किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि रैयतों ने वंशावली जमा नहीं की है, इस वजह से उनका भुगतान नहीं किया गया है। विधायक का सवाल है कि अगर किसी वजह से कोई परिवार वंशावली नहीं जमा कर सका हो, तो उसकी जमीन से बिना मुआवजा भुगतान के कोयला खनन कैसे किया जा सकता है? यह तो सरासर अन्याय है।

शनिवार को अधिकारियों के साथ विधानसभा की विशेष समिति ने बैठक की। संयोजक विधायक मथुरा महतो ने कहा कि रैयतों की जमीन संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए विशेष कोषांग का गठन किया जायेगा। इसमें रैयतों की भूमि संबंधित कागजात की जांच की जायेगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

**बीसीसीएल के अधिकारियो के आदेश की भी कोई परवाह नहीं :** अरूप चटर्जी का कहना है कि मामला बहुत गंभीर है। इसमें सख्त कदम उठाने की जरूरत है, क्योंकि बीसीसीएल के अधिकारी लिखकर देते रहे हैं कि रैयतों की जमीन पर ओबी डंप नहीं किया जायेगा, लेकिन उस आदेश का अनुपालन आउटसोर्स कंपनियां नहीं कर रही है। नियम का उल्लंघन हो रहा है, कोयला चोरी भी हो रही है और अवैध उत्खनन भी हो रहा है। विधानसभा की विशेष समिति ने कोयलांचल के कई इलाकों का दौरा किया है।

# बैठक में बिजली, पानी और टैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुण्डा।** चिरकुंडा थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, विशिष्ट अतिथि निरसा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ रजत मणिक बाखला तथा संचालन जगरनाथ गोस्वामी ने किया ।एसडीपीओ श्री बाखला ने कहा कि पूजा के दौरान सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गयी है और जिला से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी,पूजा पंडालों में चिकित्सक ए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगा,डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा,रात 10 बजे के बाद से सभी पूजा पंडालों में धीमी आवाज से बाजा बजाया जाये, सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगायी जाये, यातायात को सुगम बनाने के लिए भूलेंटियर तैनात रहे,पंडालों में रहने वाले वॉलंटियर्स शराब से दूर रहें। शांति समिति के सदस्यों ने बिजली, पानी, सड़क, साफ सफाई और ट्रैफिक व्यस्था को दुरुस्त करने की मांग की गयी है।



पूजा के दौरान बिजली और पानी की सुचारु आपूर्ति की मांग गयी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी और पूजा त्यौहार के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। वही विद्युत विभाग के सहायक अभिनता संतोष मंडल ने कहा कि आगामी पर्व को लेकर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से होगा। चिरकुंडा नगर परिषद के पप्पू कुमार ने कहा कि क्षेत्रों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा जनता से भी अपील हैं कि स्वच्छ चिरकुंडा सुंदर चिरकुंडा बनाने में सहयोग प्रदान करे।थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि उपायुक्त का निर्देश है कि बेहतर पूजा पंडाल एव शांति व्यस्था कायम रखने वाले पूजा कमेटी सम्मानित होगे मैं चाहूंगा कि इस का यह मौका चिरकुंडा क्षेत्र के लोग प्राप्त करे मैं समझूंगा की यह सम्मान इस क्षेत्र के नागरिकों एव पुलिस को मिली हैं आपसभी बेहतर ढंग से पूजा मनाने पूरा प्रशासन आपके सहयोग में तात्यपर रहेगा।

इस मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, दशरथ साव, जयप्रकाश सिंह, अनिल साव, मणिक गोराई, रंजीत पासवान, राजू अंसारी, प्रो० अरुण कुमार, सुनीता देवी, इरफान अहमद खान,मोईज खान, आजाद खान, ननटू गोस्वामी, शशि तिवारी, संतु चटर्जी, पप्पू सिंह, ब्रजेश सिंह, काजल चक्रवर्ती इत्यादि शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# रोटी बैंक यूथ क्लब ने शुरू किया '1 रुपये थाली अभियान'

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पवित्र महालय के शुभ अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद ने रविवार को '1 रुपये थाली' अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन बिनोद बिहारी चौक पर जरूरतमंदों को मात्र एक रुपये में संपूर्ण भोजन थाली उपलब्ध करायी जायेगी। इस पहल का उद्देश्य शहर के उन लोगों तक भोजन पहुंचाना है जो आर्थिक तंगी के कारण भरपेट खाना नहीं खा पाते। मात्र 1 शुल्क लेकर यह पहल उनकी गरिमा बनाये रखने के साथ-साथ समाज में साझा जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित करती है।




कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि रिंकू पाल, निदेशक सीएमसी हॉस्पिटल एवं युवा समाजसेवी ने इस अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि भोजन हर इंसान का अधिकार है, विलासिता नहीं। रोटी बैंक यूथ क्लब का यह प्रयास निश्चित ही धनबाद को भूखमुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

पहले ही दिन स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और आने वाले दिनों में भोजन, सहयोग और समय देकर इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

रोटी बैंक यूथ क्लब अब तक कई सामाजिक अभियानों में सक्रिय रहा है और 1 रुपये थाली इसकी सेवाओं की श्रृंखला में एक नया मील का पत्थर है। क्लब का लक्ष्य है कि आने वाले समय में यह अभियान धनबाद के अन्य हिस्सों तक भी विस्तारित हो। रोटी बैंक अध्यक्ष का रवि शेखर ने बताया कि हमारा उद्देश्य है हर एक उसे इंसान तक भोजन पहुंचाना जो एक समय तक का भोजन सही से नहीं कर पाते हैं।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सहयोगी और सक्रिय सदस्य नीलकमल खवास ओर सभी सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

# दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/ भाटडीह।** आगामी दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को भाटडीह ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अनूप सिंह ने की। इसमें क्षेत्र के सभी पूजा समितियों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक के दौरान पूजा आयोजन के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं पर चर्चा हुई। समिति सदस्यों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष अपने सुझावों और चिंताओं को साझा किया। ओपी प्रभारी अनूप सिंह ने सभी को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने भड़काऊ एवं भ्रामक गीतों के बजाने और उच्च ध्वनि वाले साउंड सिस्टम के उपयोग पर पूर्णतः रोक लगाने की बात कही। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे, पुलिस एवं प्रशासन के संपर्क नंबर, स्वयंसेवकों की टीम, और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। बैठक में सामूहिक सहयोग एवं समन्वय से दुगार्पूजा का शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

# शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-4 थाना परिसर में रविवार को पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में शांतिसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आपसी सहयोग और समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गयी। पुलिस प्रशासन ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने और हर स्तर पर प्रशासन को सहयोग देने पर जोर दिया।

विशेष रूप से विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और निर्धारित मार्ग का पालन सुनिश्चित करने संबंधी दिशा-निर्देश पंडाल समितियों को दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि विसर्जन जुलूस केवल तय किए गए मार्ग से ही निकाला जाएगा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति न उत्पन्न हो।

पुलिस प्रशासन ने आम जनता और समिति प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और समस्या आने पर तुरंत थाना को सूचना दें। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# त्रिया फाउंडेशन और आशादीप हॉस्पिटल ने लगाया चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर बारह स्थित उकरीद बस्ती स्थित पंचायत भवन में रविवार को त्रिया फाउंडेशन एवं आशादीप हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आशादीप हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुमार प्रभात रंजन, त्रिया फाउंडेशन की निदेशिका कुसुम भारती और रीना कुमारी की उपस्थिति में किया गया।




शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जाँच कराई। डॉक्टरों की टीम ने लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर एवं पीएफटी (फेफड़ों की जांच) निःशुल्क किया। जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गयी। इस अवसर पर जेपी राय, दिन बंधु प्रकाश, सीबी सिंह, प्रदीप कुमार, निर्मल कुमार, तीया यादव, दिलीप कुमार, दीपशिखा कुमारी, मनोज कुमार सिन्हा, शशि भूषण तिवारी, आकाश कुमार, तबस्सुम परवीन और रैश कौशर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर को सफल बनाने में योगदान देने वालों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बोकारो विधायक के स्वास्थ्य प्रतिनिधि एवं आशादीप हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुमार प्रभात रंजन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## झारखंड पान स्वासी तांती कल्याण समिति की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार 21 सितंबर को धनबाद जिला कमेटी झारखंड पान स्वासी तांती कल्याण समिति का एक अहम बैठक जगजीवन नगर बालाजी मंदिर प्रांगण में हुई। जिस बैठक का अध्यक्षता निश्चित कुमार गुप्ता ने किया। इस बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जिनमें धनबाद जिला कमेटी का चुनाव कराना, झारखंड सरकार से तांति को पान का दर्जा दिलाने, महिला शक्तिकरण, शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने, धनबाद जिला कमेटी को ओर मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव विजय दास, निर्मल दास, पंकज दास धनबाद जिला सचिव नरेंद्र कुमार भोला पान, दशरथ तांती, डीके पटवा, आनंद प्रसाद, जय शंकर प्रसाद, भोला तॉती, संतोष तांती, कृष्ण लाल प्रसाद, गौतम तॉती सरवन तांती, विनोद चंद्र प्रसाद और स्वजाति बंधुओ मोजूदगी रही।

# कतरास कोयलांचल में भू-धंसान, कारण और निदान पर परिचर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास नागरिक मंच के तत्वावधान में रविवार को भारतीय क्लब में कतरास कोयलांचल में भू-धसान, कारण और निदान पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वियाडा के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी विजय कुमार झा ने की। जबकि संचालन प्रभात मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत इप्टा कलाकार विष्णु कुमार द्वारा क्रांतिकारी गीत के साथ हुआ। परिचर्चा को संबोधित करते हुए आइआइटी, आइएसएम धनबाद के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो प्रमोद कुमार पाठक ने कहा कि कतरास में आये दिन हो रहे भू-धसान की घटना पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसका निदान निकलना होगा। अवैध उत्खनन पर चर्चा करते हुए कहा कि लोगों का अभाव में स्वभाव नष्ट हो जाता है। 2025 में बना माइंस एक्ट पूर्णतः लागू हो।




जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि कतरास कोयलांचल के लिए भू-धसान की घटना गंभीर है। अवैध उत्खनन को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन को रोकने के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे। बार एसोसिएशन धनबाद के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अवैध उत्खनन करने वाले या प्रशासन अगर किसी भी व्यक्ति को परेशान या झूठे मुकदमे में फसाने का प्रयास किया तो मैं उनका केस निःशुल्क लडूंगा। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों की संवेदनाएं मर चुकी है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है.हम गांधीवादी तरीके से लड़ाई लड़ेंगे। विजय कुमार झा ने कहा कि कतरास कोयलांचल को बचाने की जिम्मेदारी सबकी है। डीजीएमएस अगर सही तरीका से अपने काम नहीं करेगी तो हम उनके कार्यालय में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठेंगे।

मौके पर एलएन भट्टाचार्य, निरुपमा देवी, राजेंद्र प्रसाद राजा, रणधीर ठाकुर, शौकत खान, अनुज सिन्हा,शंकर चौहान, महादेव चटर्जी, राजीव रंजन, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी, राकेश पाठक, गौतम मंडल, विष्णु कुमार, राजेश स्वर्णकर, अधिवक्ता एनुल हक आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन उदय सिंह ने किया।

# अटल जागृति मंच की तीसरी बैठक में संगठन विस्तार पर विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** रविवार को अटल जागृति मंच की तीसरी बैठक चास भोजपुर कॉलोनी, हनुमान मंदिर के प्रांगण में रखा गया। किसकी अध्यक्षता प्रदीप कुमार शर्मा और संचालन प्रवीण कुमार ने किया। जिसमें मुख्य रूप से संगठन विस्तार पर विचार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जयशंकर सिंह को संयोजक बनाया गया और संयोजक मंडल में पांच सदस्य मनोनीत किये गये। राकेश कुमार मधु, परवीन कुमार, टुनटुन मिश्रा, सुनील कुमार एवं अजीत कुमार ठाकुर। बैठक में सुनील कुमार, अजीत ठाकुर, प्रदीप कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, जय भूषण त्रिपाठी, सियाराम सिंह, जयशंकर सिंह, कुंदन कुमार सिंह, राकेश कुमार मधु, टुनटुन मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, अरुण शर्मा, अमित कुमार शामिल रहे।



# अमेरिकी कंपनियों ने 40 हजार से ज्यादा आइटी पेशेवरों को निकाला : व्हाइट हाउस

## ● एच-1बी वीजा धारकों को दी गयी नौकरी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि कई अमेरिकी कंपनियों ने इस साल 40 हजार से ज्यादा अमेरिकी टेक वर्कर्स की छंटनी की और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों को नौकरी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस कदम से अमेरिकी युवाओं का साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स (एसटीइएम) करियर की तरफ रुझान कम हो रहा है और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।




व्हाइट हाउस की तरफ से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, एक कंपनी को 5,189 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, लेकिन उसने इसी साल 16,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। दूसरी कंपनी को 1,698 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, जबकि उसने ओरेगन में 2,400 वर्कर्स को जुलाई में हटा दिया। तीसरी कंपनी ने 2022 से अब तक 27,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे इसी दौरान 25,075 एच-1बी वीजा मिले।

एक और कंपनी ने फरवरी 2025 में 1,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे 1,137 एच-1बी वीजा की मंजूरी दी गयी।

व्हाइट हाउस ने यह भी खुलासा किया कि कई बार अमेरिकी कर्मचारियों को गोपनीय समझौते (एनडीए) के तहत अपने विदेशी रिप्लेसमेंट को ट्रेनिंग देने के लिए मजबूर किया गया।

### ट्रंप ने $100,000 का शुल्क लगाया

इस विवाद के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अब कंपनियों को हर नये एच-1बी वीजा के लिए $100,000 (करीब 83 लाख रुपये) का एकमुश्त शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग को रोकने, अमेरिकी कर्मचारियों की तनख्वाह गिरने से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

### इन्हें देना होगा शुल्क

यह शुल्क केवल नये एच-1बी वीजा आवेदनों पर लागू होगा। पहले से जारी वीजा या उनके नवीनीकरण पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह नियम 21 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। 2025 की एच-1बी लॉटरी जीत चुके उम्मीदवारों पर यह शुल्क लागू नहीं होगा। अमेरिकी यूएससीआइएस (यूएससीआइएस) ने स्पष्ट किया कि जो वीजा आवेदन 21 सितंबर से पहले दाखिल किये गये हैं, उन पर नया शुल्क नहीं लिया जायेगा।

### ट्रंप के फैसले का भारत पर असर

इस फैसले का सीधा असर भारतीय आइटी प्रोफेशनल्स पर पड़ेगा। हर साल एच-1बी वीजा धारकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है। हालांकि, जो भारतीय कर्मचारी पहले से अमेरिका में काम कर रहे हैं या अपना वीजा रिन्यू करा रहे हैं, उन्हें यह शुल्क नहीं देना होगा।

# पीएम नरेंद्र मोदी की सौगात का असर आज से दिखेगा : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि सोमवार से त्योहारी सीजन के आगाज के साथ ही जीएसटी दरों में बदलाव के कारण कई चीजें सस्ती हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों को दी गयी सौगात के कारण रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर गाड़ियों और दवाओं तक की कीमतों में फर्क पड़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जायेगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। अब घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, जैम, केचप, ड्राय फ्रूट्स, कॉफी और आइसक्रीम जैसी चीजों पर कम टैक्स लगेगा। कई कंपनियों ने कीमतें घटाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि अब ग्लूकोमीटर, डायग्नोस्टिक किट्स और ज्यादातर दवाओं कम रेट मिलेंगी। अब टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी चीजों पर भी टैक्स कम हुआ है। सीमेंट भी सस्ता मिलेगा, जिससे घर बनाने की लागत थोड़ी कम होगी। छोटी गाड़ियों की कीमतें कम होंगी। सैलून, योगा सेंटर, फिटनेस क्लब, हेल्थ स्पा जैसी सेवाओं पर राहत मिलेगी।

# यूपी में दीपावली से पहले शिक्षकों को मिल जायेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

लखनऊ। यूपी में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दिवाली से पहले कैशलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने की कवायद तेज हो गयी है। प्रस्ताव के अनुसार कैशलेश चिकित्सा सुविधा के लिए 2480 रुपये प्रति कार्मिक सालाना व्ययभार आयेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच सितंबर शिक्षक दिवस पर प्रदेश भर के शिक्षकों-कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की है।


# फलस्तीन को ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन, कनाडा ने दी मान्यता


**टोरंटो/लंदन।** ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे दी है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को यह एलान किया। यह कदम अमेरिका और इस्राइल के कड़े विरोध के बावजूद उठाया गया। स्टार्मर ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य फलस्तीनियों और इस्राइलियों के लिए शांति की उम्मीद को जीवित रखना है। इससे पहले कनाडा और ऑस्ट्रेलिया भी यह मान्यता दे चुके हैं। स्टार्मर ने कहा कि भले ही यह फैसला प्रतीकात्मक है, लेकिन यह एक ऐतिहासिक क्षण है।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**